हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 3 मई 2025

तापमान
अधिकतम 37.4 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हर साल किए जाते हैं करोड़ों रुपए खर्च

# उद्यानिकी के मत्थे मंत्रियों-अफसरों के नए उद्यानों का जिम्मा खर्च डबल, सीमित कर्मचारी, मेंटेनेंस में छूट रहा पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ विधानसभा, राजभवन, सभी मंत्री- उच्च अधिकारियों के बंगलों के उद्यानों के मेंटेनेंस की जिम्मेदारी संभाल रहे उद्यानिकी विभाग को बोझ नवा रायपुर के बंगलों ने बढ़ा दिया है। फंड कम, कर्मचारी सीमित और काम ज्यादा, इसलिए दिक्कतें बढ़ गई हैं। इसी मैनेज करने में विभाग को पसीना छूट रहा है।

गौरतलब है, वीआईपी बंगलों से लेकर उन सभी शासकीय कार्यालयों में जहां-जहां उद्यान लगाए गए हैं, उन सभी उद्यानों को हरा-भरा करने के लिए पेड़-पौधों की खरीदी, लगाने से लेकर मेंटनेंस के कार्य जिला उद्यानिकी विभाग करता है। इस कार्य में हर साल करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं। करोड़ों रुपए खर्च होने के कारण कई बार विभाग को फंड की कमी से भी जूझना पड़ता है। ▶▶शेष पेज 13 पर

**रायपुर में राजभवन विधानसभा सहित सभी मंत्रियों व उच्च अधिकारियों के बंगलों के उद्यानों का मेंटेनेंस करता है विभाग**



### माली सहित सहयोगी वर्करों की भी पड़ने लगी कमी

जिले में उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत उद्यानों को हरा-भरा बनाने एवं मेंटेनेंस के लिए करीब चार सौ कर्मचारियों से काम लिया जाता है। इनमें उद्यान माली के अलावा सहयोगी वर्कर भी शामिल हैं, जो पेड़-पौधे लगाने से लेकर पानी डालने, छंटाई सहित उद्यानों में रखरखाव का सारा काम करते हैं। राजधानी रायपुर में उद्यानों में जरूरत के अनुसार इन कर्मचारियों को रखा गया हैं। इसके बाद भी खासकर गर्मी के सीजन में इन उद्यानों का मेंटेनेंस करने में कर्मचारियों का पसीना छूट जाता है।

### बेंगलुरु, पुणे-कोलकाता से पौधों की खरीदी

विभागीय सूत्रों के अनुसार विधानसभा, राजभवन सहित मंत्रियों सहित कई उच्च अधिकारियों के बंगलों के उद्यानों में लगने वाले अनेकों प्रजातियों के पौधों की खरीदी बेंगलुरु, पुणे तथा कोलकाता से भी की जाती है। इन पौधों की खरीदी में लाखों-करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं। इसके अलावा रायपुर में भी छोकरानाला के पास करीब दस एकड़ भूमि में उद्यानिकी विभाग की नर्सरी है, जहां विभिन्न प्रजातियों के पेड़-पौधे तैयार किए जाते हैं।

### फंड-कर्मचारियों की कमी से मेंटेनेंस का काम प्रभावित

उद्यानिकी विभाग को नया रायपुर के मेंटेनेंस का काम सौंपे जाने के बाद से विभाग फंड और कर्मचारी दोनों की कमी से जूझ रहा है, जिसके कारण कई उद्यानों में मेंटनेंस के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं, जिसके कारण गर्मी के सीजन में कई अधिकारियों के बंगलों एवं शासकीय कार्यालयों के उद्यानों की हरियाली कम होने लगी है।

## खबर संक्षेप

### हाईवा की ठोकर लगने से मौके पर ही मौत

**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र के राटाकाटा महानदी में रेम बनाने के दौरान एक व्यक्ति की हाईवा से ठोकर लगने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार परागांव निवासी संतराम पाल बुधवार सुबह महानदी में रेम बनवाने गया था। इस दौरान हाईवा सीजी 04 पीक्यू 9790 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसके संतराम को ठोकर मार दी। हाईवा की ठोकर लगने से संतराम के सिर पर गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### भाजपा नेता की फेक आईडी बनाकर पैसों की मांग

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना में भारतीय जनता पार्टी के सह संयोजक सोशल मीडिया मितुल कोठारी ने अज्ञात के खिलाफ उनकी पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री की फेक आईडी बनाकर पैसे मांगने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मितुल ने पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति उनकी पार्टी के नेता अजय जामवाल के नाम की फेक आईडी बनाकर पार्टी से जुड़े नेता, कार्यकर्ता तथा अन्य से पैसों की मांग कर रहा है।

### ऑपरेशन साइबर शील्ड दो जालसाज गिरफ्तार



**रायपुर।** रेंज साइबर पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत शेयर बाजार में निवेश करने पर ज्यादा मुनाफा मिलने का झांसा देकर ठगी करने के आरोप में दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। इंद्रमोहन सिंगल की शिकायत पर रेंज साइबर पुलिस ने तात्यापारा निवासी मो. मजाहिर हुसैन, कोरबा निवासी नीतीश शर्मा को गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने इंद्रमोहन को शेयर बाजार में ज्यादा मुनाफा मिलने का झांसा देकर एप इंस्टाल कराकर 31 लाख की ठगी की थी।

### आंधी-तूफान के दौरान लूट दो बदमाश पकड़े गए



**रायपुर।** घर लौटते वक्त आंधी-तूफान के दौरान डीडीनगर इलाके में अधेड़ से मोबाइल लूटने वाले बदमाशों को पुरानी बस्ती पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गया आरोपी विकास बघेल और गौरव दुबे कैलाशपुरी का रहने वाला है। आरोपी जब मोबाइल छीनकर अपनी स्कूटी में भाग रहे थे तो प्रार्थी राजेंद्र साहू ने उनकी गाड़ी का नंबर देख लिया था। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने विवेचना दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी को चेक किया गया, किंतु पता नहीं चला, जिससे अज्ञात आरोपियों की तलाश में थाना क्षेत्र में मुखबिर लगाए गए। सूचना मिली कि तीन लड़के मोटरसाइकिल पर भाठागांव में घूम रहे हैं। आरोपियों को थाने लाकर कड़ाई से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया।

व्यवस्था सुधारने अमला लगा रहा, लेकिन मशक्कत के बावजूद सिस्टम सामान्य नहीं हो पाया

# आंधी छोड़ गई बरबादी के निशां... पेड़ उठे नहीं कई इलाकों में उलझे नजर आए बिजली के तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि लाइव

आधे घंटे तक चले अंधड़ से अस्त-व्यस्त हुई राजधानी के हालात 24 घंटे बाद भी सुधर नहीं पाए हैं। शहर में शुक्रवार शाम तक अनेकों इलाकों में अंधड़ से गिरे बिजली खंबों और पेड़ों को हटाया नहीं जा सका, वहीं कई इलाकों में बिजली की सप्लाई भी बंद रही, जिसे अब तक सुधारा नहीं गया है। इसके कारण इन इलाकों में रहने वाले लोग गुरुवार से बिजली के बगैर परेशान हो रहे हैं, जबकि अंधड़ खत्म होने के कुछ घंटे बाद ही जिला और नगर निगम प्रशासन के अधिकारी अंधड़ से पैदा हुए हालात को ठीक करने के लिए सड़क पर निकल पड़े थे और देर रात तक सड़कों पर गिरे शेड, होर्डिंग्स, पेड़ व बिजली खंबों को हटाने से लेकर बिजली की आपूर्ति सुधारने के निर्देश दिए थे।

हरिभूमि की टीम ने शहर में अंधड़ से बने हालातों के बाद सुधार कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान शाम 4 से 5 बजे तक कई इलाकों में बिजली खंबे व पेड़ सड़कों पर पड़े मिले। बिजली विभाग एवं नगर निगम की टीम करीब 24 घंटे बाद भी इन इलाकों से न ही खंबे हटाई और ना ही पेड़ हटा पाई थी। कई इलाकों में तो दोपहर बाद विद्युत विभाग की टीम सुधार कार्य के लिए पहुंची, जिसके कारण उन इलाकों में देर शाम, रात को बिजली की सप्लाई शुरू हो पाई।

**1 केस**

### लीली चौक गली में 24 घंटे के बाद लौटी बिजली


पुरानी बस्ती लीली चौक गली में एक विशाल पेड़ की कई मोटी टहनियां अंधड़ से टूटकर बिजली खंबों व तारों पर जा गिरीं, जिसके कारण कई घरों में लगे बिजली मीटर तक उखड़ गए। इस गली में पिछले 24 घंटे से बिजली बंद है। बिजली कर्मी यहां दोपहर से देर शाम तक सुधार कार्य करते रहे। इस तरह इस इलाके में शाम ढलने के बाद ही बिजली सप्लाई शुरू हो पाई।

**2 केस**

### टैगोर नगर में 24 घंटे के बाद भी टीम नहीं पहुंची

टैगोर नगर में पुजारी पार्क के पीछे वाली गली से टैगोर नगर जाने वाले मार्ग पर माध्यमिक शिक्षा मंडल कार्यालय के पास सड़क किनारे लगा एक बिजली खंबा टूटकर सड़क पर हवा में लटक रहा है। खंबे के अलावा बिजली वायर भी सड़क पर लटक रहा है। बिजली चालू होने के बाद भी इसे सुधारने के लिए 24 घंटे के बाद भी बिजली विभाग की टीम यहां पहुंची नहीं है। इधर इस सड़क से गुजरने वाली गाड़ियों को इस खंबे और वायर से बचकर निकलना पड़ रहा है।





**3 केस**

### काठाडीह मार्ग पर शाम 5 बजे तक सड़क से हटा नहीं विद्युत खंबा

काठाडीह मुख्य मार्ग पर भी अंधड़ के कारण विद्युत खंबा टूटकर सड़क पर गिर गया है, जिसके कारण इस इलाके में बिजली भी बंद हो गई है। विभाग वाले 24 घंटे के बाद भी इस खंबे को न ही हटा पाए और न ही सुधार कार्य कर बिजली चालू कर पाए।

**4 केस**

### घर की दीवार पर गिरे पेड़ को लोगों ने खुद से हटाया

सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कालोनी में एक घर की दीवार पर पेड़ टूटकर गिर गया। इसे हटाने के लिए दोपहर तक कोई टीम नहीं पहुंच पाई, जिसके कारण परिवार सहित आसपास के लोगों को पेड़ को हटाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी।

**5 केस**

### 24 घंटे बाद सुधारा, अब लो-वोल्टेज की समस्या

सुंदरनगर इलाके में रहने वाले सिद्धार्थ भसीन ने बताया कि उनके इलाके में भी खंबा गिरने के कारण गुरुवार शाम से बिजली बंद है। विद्युत विभाग के कर्मचारी दोपहर में इसे सुधारने पहुंचे, जिसे शाम तक सुधारते रहे। 5 बजे के बाद भी टूटकर गिरे खंबा को बदला नहीं, बल्कि बिजली तार को दूसरे खंबे में जोड़कर चले गए। इसके कारण लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। बिजली कर्मचारी यह कहकर चले गए, कुछ दिनों तक फिलहाल ऐसे ही काम चलाना होगा।

### बिजली बंद से टंकियों में चढ़ा नहीं पानी, दिनभर परेशान हुए लोग



अंधड़ के कारण राजधानी रायपुर के कई इलाकों में 24 घंटे के बाद भी बिजली लौट नहीं पाई। इसके कारण नगर निगम की कई पानी टंकियों में भी पानी चढ़ नहीं पाया, जिसके कारण उन इलाकों में रहने वाले लोगों को शुक्रवार को पानी के लिए दिनभर परेशान होना पड़ा। इसके अलावा जिन घरों में नल कनेक्शन की जगह बोर लगे हुए हैं, वे लोग भी बिजली बंद होने के कारण घरों की टंकियों में पानी चढ़ा नहीं पाए, जिससे वे लोग भी पानी के लिए दिनभर परेशान रहे। ▶▶शेष पेज 13 पर

**ऐसा पहली बार**

### सीवियर साइक्लोन के पॉवर से चली थी आंधी, प्रभावित करने का दायरा 50 किमी

गुरुवार को चली आंधी में किसी सीवियर साइक्लोन जितना पॉवर था। सामान्यतः आंधी 30 से 40 किमी. प्रतिघंटे की रफ्तार से चलती है, मगर पहली बार इसकी गति 70 से 80 किमी. के बीच थी। आंधी सामान्यतः 10 किमी के दायरे को प्रभावित करती है, लेकिन कल की आंधी ने करीब 50 किमी. के एरिया को प्रभावित कर डाला।

- दस किमी की परिधि और 40 किमी. हवा की गति सामान्य

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि राज्य में इस तरह की आंधी 12 साल की जानकारी में नहीं आई है। उनके मुताबिक अंधड़ आने की वजह साधारण भाषा में गुब्बारे में भरी हवा को बाहर निकालना है। इसका दायरा जितना बड़ा होता है, उसका पॉवर उतना ही अधिक होता है। कल का अंधड़ भी कुछ ऐसा ही था। गुरुवार को जोरों से चली आंधी की वजह से शहर अस्त-व्यस्त हो गया था, जिसमें सुधार का दौर शुक्रवार तक जारी रहा। शहर की तुलना में माना में इसका असर ज्यादा था। हवा के प्रभाव से टर्मिनल भवन के सिक्योरिटी गार्ड रूम में लगा कांच टूटकर गिर गया। इससे वहां मौजूद दो स्टाफ को चोटें आई थीं। हवा की वजह से मुंबई-रायपुर फ्लाइट लैंड नहीं हो पाई थी। नागपुर जाने के बाद उसकी वापसी दो घंटे बाद हुई थी। जिस वक्त अंधड़ आया, उस दौरान फ्लाइट ऑपरेशन कम होता है, इसलिए विमानों के संचालन में इसका ज्यादा असर नहीं हुआ।

### गर्मी बढ़ने की उम्मीद

पिछले साल राजधानी के लोगों ने सर्वाधिक 47 डिग्री सेल्सियस की गर्मी झेली थी और इस बार माहांत तक इस तरह की स्थिति बनने की संभावना है। अगले तीन दिन तक मौसम में बड़ा बदलाव नहीं होगा, मगर दूसरे सप्ताह से पारा चढ़ने की उम्मीद है। शुक्रवार को पारा सामान्य से नीचे रहा, मगर उमस भरी गर्मी ने थोड़ी बेचैनी बढ़ा दी। प्रदेश के मौसम को पूरी तरह बदलकर रख देने वाला सिस्टम अभी भी सक्रिय है।

## पंजीकरण में हुई गलती तो दस्तावेज दिखाकर कर सकेंगे सुधार, सप्ताह में दो दिन सुविधा देगा व्यापम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल सप्ताह में दो दिन अपने दरवाजे उन अभ्यर्थियों के लिए खुले रखेगा, जो अपने पंजीयन में सुधार चाहते हैं। सुधार संबंधित इस कार्य के लिए अभ्यर्थी को अपने मूल दस्तावेज के साथ व्यापम कार्यालय में उपस्थित होना पड़ेगा। इसके आधार पर ही व्यापम पंजीयन में सुधार करेगा। सप्ताह के प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को कार्यालयीन समय में अवकाश नहीं होने की स्थिति में अभ्यर्थियों को यह सुविधा मिलेगी। व्यापम के अनुसार, प्रोफाइल में नाम और मोबाइल नंबर में ही सुधार किया जा सकेगा। व्यापम को थोक में प्रोफाइल पंजीकरण में सुधार के लिए आवेदन मिल रहे थे। इसे देखते हुए ही यह सुविधा दी जा रही है।

- बुधवार और शुक्रवार को पहुंचना होगा व्यापम दफ्तर, निशुल्क दी जाएगी सेवा

गौरतलब है कि बारहवीं कक्षा के बाद प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थी सामान्यतः फार्म भरते समय अपने अभिभावकों का फोन नंबर डाल देते हैं। ▶▶शेष पेज 13 पर

### इसलिए शुरू किया गया पंजीकरण सिस्टम

व्यापम द्वारा प्रतिवर्ष दर्जनों भर्ती परीक्षा आयोजित की जाती है। प्रत्येक भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थी की व्यक्तिगत जानकारी से लेकर अमादमिक रिकॉर्ड और अन्य चीजों का जिक्र करना आवश्यक होता है। सरकारी नौकरी की तलाश में जुटे कई कैंडिडेट्स ऐसे होते हैं, जो लगभग प्रत्येक भर्ती परीक्षाओं में हिस्सा बनते हैं। ऐसे में उन्हें अपनी व्यक्तिगत जानकारी देने के साथ ही फोटो अपलोड करने, मोबाइल वेरिफिकेशन कराने सहित कई तरह की जानकारी बार-बार भरनी पड़ती है। पंजीकरण सिस्टम में परीक्षार्थी द्वारा एक बार व्यापम की वेबसाइट पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा लिया जाता है। बाद में किसी भी परीक्षा के लिए आवेदन करते समय उक्त पंजीकरण संख्या का जिक्र करते ही सभी जानकारी स्वतः फीड हो जाती है। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए व्यापम ने इसे प्रारंभ किया था।

### पीईटी व पीपीएचटी के प्रवेश पत्र जारी

व्यापम द्वारा प्री इंजीनियरिंग टेस्ट और प्री फॉर्मेसी टेस्ट के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा यह प्रवेश परीक्षा 8 मई को आयोजित की जाएगी। छात्र व्यापम की वेबसाइट पर जाकर अथवा मंडल द्वारा भेजे गए एसएमएस पर क्लिक करके प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। व्यापम की प्रवेश परीक्षाओं की शुरुआत एक मई को पीपीटी और प्री एमसीए के साथ हो चुकी है।

## शराब पीने पैसा नहीं देने पर युवक की हत्या, सीसीटीवी फूटेज से बदमाश की पहचान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर एक युवक ने दूसरे युवक के पेट में चाकू से वार कर हत्या कर दी। घटना बुधवार देर रात की है। पुलिस को हत्या की जानकारी बुधवार को मिली। घटना के बाद आसपास लगे सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पुलिस ने बदमाश की पहचान कर 24 घंटे के भीतर हत्या की गुत्थी को सुलझाने में कामयाबी हासिल की। घटना खमतराई थाना क्षेत्र की है।

हत्या के आरोप में पुलिस ने बेमेतरा निवासी विकास विश्वकर्मा (20) को गिरफ्तार किया है। रावांभाठा, खदान तालाब के पास सागर उर्फ ▶▶शेष पेज 13 पर

### इनकार करने पर मारा चाकू

पूछताछ में विकास ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को उसने सागर से शराब पीने पैसे मांगा, सागर ने पैसा देने से इनकार कर दिया। इनकार करने पर विकास ने सागर के साथ गाली-गलौज की। गाली-गलौज का विरोध करने पर विकास नाराज हो गया और उसने अपने पास रखे चाकू से सागर के पेट तथा शरीर के अन्य हिस्सों में वार कर मौत के घाट उतार दिया।

# महिला की महाधमनी हो गई थी कमजोर टीईवीएआर पद्धति से हुआ इलाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सीने में दर्द की असहजता के साथ इलाज के लिए एम्स पहुंची महिला के हृदय की महाधमनी कमजोर हो गई थी। सही समय पर इलाज नहीं होने पर जान जाने का जोखिम हो सकता था। चिकित्सकों की टीम ने इलाज के लिए ओपन हार्ट सर्जरी करने के बजाए टीईवीएआर की प्रक्रिया पूरी कर महाधमनी की मरम्मत कर उसका इलाज पूरा किया। उपचार और चिकित्सकों की निगरानी में कुछ दिनों तक रहने के बाद वह पूरी तरह स्वस्थ हो गई।

- ओपन हार्ट सर्जरी की नहीं पड़ी जरूरत, कम समय में पूरा हुआ उपचार

जानकारी के अनुसार 24 साल की महिला जब इलाज के लिए पहुंची, तो इसकी स्थिति काफी गंभीर थी। डाक्टरों की टीम ने जब उसकी जांच की, तो पता चला कि हृदय से आक्सीजनयुक्त रक्त को अन्य नसों तक पहुंचाने वाली महाधमनी की परत कमजोर हो चुकी है। उसका सही समय पर इलाज नहीं किया गया, तो मरीज के लिए जोखिम हो सकता है। चिकित्सकों के अनुसार सामान्यतः ऐसे मामलों में ओपन हार्ट सर्जरी की जरूरत होती है, मगर चिकित्सकीय टीम ने इस सर्जरी में लगने वाले काफी वक्त को ध्यान में रखते हुए थोरेसिक एंडोवस्कुलर ▶▶शेष पेज 13 पर

### 18 सदस्यीय टीम ने किया इलाज

*यह जटिल और जोखिम भरी प्रक्रिया 18 सदस्यों की टीम के समन्वय से पूरी की गई। इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी टीम का नेतृत्व डॉ. एनके बोधे ने किया। कार्डिएक सर्जरी टीम का नेतृत्व डॉ. नितिन कश्यप और डॉ. प्रणय ने किया। एनेस्थीसिया टीम से डॉ. सुब्रत सिंहा सहित डॉ. क्रोहित यादव, डॉ. अमीन अंसारी और डॉ. संदीप तथा नर्सिंग देखभाल की जिम्मेदारी दिव्या एस. नायर और जेम्स विक्टर ने उठाई।*

### जीवन रक्षक सेवाओं में एक और अध्याय

*कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल ने कहा कि सफल टीईवीएआर प्रक्रिया एम्स रायपुर की जीवन रक्षक सेवाओं की बढ़ती क्षमताओं में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ती है। उन्होंने इस बात पर भी गर्व व्यक्त किया कि एम्स रायपुर में रोगी की देखभाल के लिए अंतरविषयी टीम के रूप में कार्य किया जा रहा है।*

## 85 साल की वृद्धा को लिफ्ट देने के बहाने लूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एक कारोबारी ने अपनी 85 साल की बुजुर्ग सास के साथ साढ़े चार लाख रुपए के सोने के जेवर तथा नकदी दो हजार रुपए लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना रविवार सुबह की है। महिला गुरुद्वारा से लौट रही थी, तब बदमाश महिला को घर छोड़ने लिफ्ट देने के बहाने अटारी की तरफ ले गया और सूनसान जगह पर महिला का गला ▶▶शेष पेज 13 पर

- गला दबाकर बेहोश करने के बाद बदमाश ने कान की बाली, सोने के कंगन सहित नकदी लूटा

### भिलाई के रास्ते आने की पुष्टि

घटना के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की, तो बदमाश के भिलाई की तरफ से आने की पुष्टि हुई है। बदमाश की उम्र 25 से 30 साल के करीब है। उसकी पतासाजी करने पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच की टीम लगी हुई है। बाली खींचने की वजह से महिला के दोनों कान बुरी तरह से कट गए हैं। घटना के बाद महिला बुरी तरह से डरी हुई है। पुलिस को किसी बाहरी बदमाश पर घटना को अंजाम देने की आशंका है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म के आरोपी को नेवरा पुलिस ने किया गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्रांतर्गत एक युवती ने अपने परिजनों के साथ नेवरा थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई कि आरोपी योगेश कुमार धीवर जिसका पीड़िता से पुराना जान पहचान था ,उसके द्वारा युवती को धमकी चमकी देकर जबरदस्ती दोपहिया वाहन में बैठाकर ग्राम रजिया तालाब मैदान के पास ले जाकर युवती से जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया , दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।
शिकायत पर नेवरा पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर आरोपी युवक योगेश कुमार धीवर पिता सुखीराम धीवर उम्र 24 वर्ष ग्राम रायखेड़ा निवासी को धारा 64, 351(3) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### 24 घंटे से अधिक समय से बिजली गुल, लोग परेशान

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र में गुरुवार शाम आंधी के बाद बिजली बंद है जो 24 घंटे से भी अधिक समय होने के बाद भी शहर के कई क्षेत्रों में बिजली शुरू नहीं हो पाई है। गुरुवार को तेज आंधी तूफान ने कहर मचाया था, भारी नुकसान इस आंधी तूफान से हुआ है, शहर व क्षेत्र वासी रातभर अंधेरे में रहे वहीं शुक्रवार सुबह शहर के कई क्षेत्रों में बिजली शुरू हो पाई, लेकिन वहीं कई अधिकांश क्षेत्रों में समाचार लिखे जाने तक शुक्रवार रात तक बिजली बंद है। जिससे आमलोगों को भारी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश लोगों को पीने के पानी के लिए भड़कना पद रहा है।

### गोंड समाज का जिला स्तरीय वार्षिक सम्मलेन आज से

**आरंग।** शासकीय प्राथमिक शाला भवन बनचरौदा मे 03 से 04 मई तक आदिवासी ध्रुव गोंड समाज का जिला स्तरीय वार्षिक सम्मलेन रखा गया है। जिसमे मुख्य अतिथि इंद्रकुमार साहू विधायक शामिल होंगे। वही अध्यक्छता हेमलाल ध्रुव जिलाध्यक्छ आदिवासी ध्रुव गोंड समाज रायपुर करेंगे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे विकास मरकाम छ.ग. आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड अध्यक्छ, चंद्रकला ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, विशेष अतिथि कृष्णा कुमार साहू जनपद सदस्य, राजेश खुटे सरपंच बनचरौदा, रघुनन्दन साहू पूर्व सरपंच टीला, पारस राम साहू उपसरपंच बनचरौदा, मोतीलाल ध्रुव आदिवासी कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्छ अभनपुर रहेंगे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी योगेंद्र कुमार ध्रुव ने दी।

### बर्खास्त बीएड शिक्षकों का समायोजन संघर्ष का परिणामः दीवान

**आरंग।** 16 माह सेवा देने के बाद बी.एड. शिक्षकों को बर्खास्त करने से उनके परिवारजनों को गम्भीर आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ा। साथ ही नौकरी जाने से शिक्षक काफी निराश हो गए थे, किंतु उक्त शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान विषय के पद पर समायोजन करने से उन्हें बड़ी राहत मिली है। राज्य शासन द्वारा समायोजन के इस ऐतिहासिक निर्णय से उनमें नई आशा व ऊर्जा का संचार हुआ है। एक प्रेस विज्ञप्ति में शिक्षक संघ के प्रवक्ता पं छत्रधर दीवान ने कहा कि संवेदनशील साय सरकार के इस अहम फैसले से शिक्षकों को देर से ही सही किंतु न्याय मिला है। अब उक्त शिक्षकों के जीवन में एक नया सबेरे का आगमन होगा। उन्होंने राज्य सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए प्रसन्नता जाहिर की है तथा शासन के प्रति आभार जताया है।

### निधन

**संतराम पाल**

**आरंग।** ग्राम पारागांव निवासी संतराम पाल का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे सगुना पाल के पति, पप्पू, राजू, यशवंत व भूपेंद्र के पिता थे।

**अपराध :** दाऊ पोषन लाल हाई स्कूल में चोरी, सीसीटीवी सिस्टम ले उड़े चोर

# परसतराई स्कूल से सीसीटीवी सिस्टम सहित कीमती सामान की चोरी, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

धरसींवा क्षेत्र, जो कभी शांति और सौहार्द के लिए जाना जाता था, आजकल चोरी की बढ़ती वारदातों से त्रस्त है। चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब उन्होंने स्कूलों जैसे पवित्र स्थलों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर भी एक बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। हाल ही में, दाऊ पोषन लाल हाई स्कूल में हुई चोरी की घटना ने सभी को स्तब्ध कर दिया। चोरों ने स्कूल में धावा बोला और जब उन्हें कुछ कीमती सामान नहीं मिला, तो वे स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे का पूरा सिस्टम ही उड़ा ले गए। यह घटना पुलिस थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर हुई, जो पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलती है।

यह कोई सामान्य घटना नहीं है। धरसींवा में ऐसे कई असामाजिक तत्व खुलेआम घूम रहे हैं, जिनकी खबर न तो पुलिस को है और न ही पंचायत को इनकी गतिविधियों के कारण क्षेत्र के नागरिकों में भय का माहौल व्याप्त है। रात तो रात, दिन में भी लोग अपने घरों और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं।



**स्कूल भी अब सुरक्षित नही**

*यह सोचने वाली बात है कि विद्या का मंदिर भी अब चोरों से सुरक्षित नहीं है। स्कूल, जो बच्चों के भविष्य को आकार देते हैं, अब अपराधियों के निशाने पर हैं। सीसीटीवी सिस्टम चोरी होने से न केवल स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था भंग हुई है, बल्कि भविष्य में होने वाली किसी भी अप्रिय घटना की जांच में भी बाधा आएगी। धरसींवा में बढ़ते अपराधों के पीछे प्रमुख कारण नशा खोरी हो सकते हैं। नशाखोरी और पुलिस की सुस्त कार्यशैली कुछ ऐसे प्रमुख कारण हैं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है। यह भी संभव है कि कुछ संगठित गिरोह इस क्षेत्र में सक्रिय हों और पुलिस की पकड़ से बाहर हों।*

**रिपोर्ट दर्ज**

हाई स्कूल परसतराई में चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज हुई है पुलिस चोरों की पतासाजी में लगी हुई है जल्द ही पुलिस चोरों को बेनकाब करेगी।

# जातिगत जनगणना का श्रेय नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को जाता हैः राजेन्द्र बंजारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलयारी



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पीसीसी डेलीगेट पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रयासों की तारीफ की। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दो वर्षों के लंबे समय से जातिगत जनगणना के मुद्दे को उठाते रहे हैं, लेकिन भाजपा और सरकार इसका विरोध यह कहते हुए करती रही कि यह देश के हित में नहीं है और इससे देश का बंटवारा होगा। राहुल गांधी और कांग्रेस के दबाव के कारण अचानक सरकार ने यह फैसला ले लिया।

- 94 साल बाद जातिगत जनगणना पर मुहर, कांग्रेस के दबाव में केंद्र का फैसला

उन्होंने कहा कि पूरा देश गवाह है कि जब कांग्रेस और राहुल गांधी कुछ ठान लेते हैं, तो सरकार को वह करना ही पड़ता है। जातिगत जनगणना के ऐलान के बाद राजेन्द्र बंजारे ने राहुल गांधी की तारीफ करते हुए कहा कि जो लोग पहले राहुल जी का विरोध कर रहे थे, अब उन्हें भी समझ में आ गया है कि लोकतंत्र की ताकत सर्वोपरि होती है। पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने आगे कहा कि मोदी सरकार, जो /"जाति जनगणना का विरोध करती रही थी/", जो अब कांग्रेस पार्टी के दृष्टिकोण को अपना लिया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हेडलाइन देने के मास्टर हैं, लेकिन डेडलाइन नहीं देते हैं।केंद्र सरकार ने बुधवार को घोषणा की आगामी जनगणना में जाति संबंधी आंकड़े भी एकत्र किए जाएंगे।लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सामाजिक न्याय के लिए लगातार जातिगत जनगणना की मांग कर रहे थे। देश का वास्तविक विकास, समावेशी विकास तभी हो सकता है जब दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और शोषितों को विकास में वैज्ञानिक तरीके से हिस्सेदारी मिलेगी इसलिए श्री राहुल गांधी जातिगत जनगणना पर लगातार जोर दे रहे थे। आज मोदी सरकार की कैबिनेट को भी इस मांग पर मुहर लगानी पड़ी। अब 1931 के बाद करीब 94 साल बाद जातिगत जनगणना होगी।



# ब्राह्मण समाज ने लगाया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

**आरंग।** ब्राह्मण समाज आरंग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें रायपुर के प्रतिष्ठित एमजीएम हॉस्पिटल से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की आंखों की जांच की। यह शिविर समाज सेवा की दिशा में एक अनुकरणीय पहल रही, जिसका लाभ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उठाया।

इस शिविर में न केवल ब्राह्मण समाज, बल्कि आरंग के विभिन्न समाजों से आए लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आंखों की पूरी जांच के साथ-साथ निःशुल्क चश्मों का वितरण भी किया गया, जिससे दूर-दराज से आए बुजुर्गों व जरूरतमंदों को बहुत राहत मिली। शिविर में आए मरीजों की संख्या सैकड़ों में रही, जिसमें से कुछ मरीजों की आंखों की हालत गंभीर पाई गई। ऐसे विशेष मरीजों को एमजीएम हॉस्पिटल रायपुर भेजा गया, जिनके लिए समाज द्वारा बस सुविधा की निःशुल्क व्यवस्था भी की गई। ब्राह्मण समाज के इस मानव सेवा भाव की सभी ने प्रशंसा की।

# मंदिर हसौद बिजली विभाग कार्यालय की लचर व्यवस्था पार्षद ने की चेयरमैन एवं एमडी से शिकायत



मंदिर हसौद ⏭ हरिभूमि न्यूज

बिजली विभाग कार्यालय में पदस्थ सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता तथा अन्य कर्मचारियों के उदासीन एवं निष्क्रिय रवैए तथा ढीले-ढले काम-काज से नगरवासियों/क्षेत्रवासियों में अत्यधिक रोष एवं गुस्सा है।

आयदिन विद्युत सेवा बाधित रहने एवं लोगो से नए विद्युत कनेक्शन को लेकर अनाब-सनाब पैसे कि उगाही किए जाने को लेकर नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद के पार्षद अधिवक्ता अनुज मिश्रा द्वारा सेक्रेटरी/चेयरमैन साहब छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी मंत्रालय/डगनिया जिला रायपुर छःग एवं मैनेजिंग डायरेक्टर साहब डगनिया जिला रायपुर छःग को लिखित शिकायत कर अवगत कराया है कि रायपुर जिले के नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद स्थित बिजली ऑफिस अंतर्गत कार्यरत सभी अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा अत्यंत घटिया एवं निम्न स्तर कि सेवा दि जा रही है जिसपर शीघ्र अतिशीघ्र कार्रवाई कर सेवा में सुधार किए जाने कि मांग की है।

# गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल का बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस वर्ष से कक्षा पांचवी और आठवीं की केंद्रीयकृत परीक्षाएं प्रारंभ की गई है। जिसके परीक्षा परिणामों की घोषणा 30 अप्रैल को कर दी गई है। इन परीक्षाओं में गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल आरंग का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। इस वर्ष कक्षा पांचवी में कुल 56 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे, जिसका परिणाम शत-प्रतिशत रहा एवं सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 19 विद्यार्थियों ने 90.50% से अधिक प्राप्त किए एवं 17 विद्यार्थियों के प्राप्तांक 80% से अधिक रहे।

कक्षा पांचवीं में गीतिका पांडे 97% प्रथम, द्वितीय युगेश्वर यादव 95.50%, तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से कनिष्क बिसेन एवं आर्या चंद्राकर 95% अंकों के साथ रहे। गणित विषय में शत-प्रतिशत अंकों के साथ भाविका देवांगन, चिराग यादव, नव्या सोनकर, यथार्थ साहू एवं युगेश्वर यादव ने उत्कृष्टता हासिल की।



कक्षा आठवीं में कुल 78 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे। जिसमें 12 विद्यार्थियों ने 90 % से ऊपर एवं 34 विद्यार्थियों ने 80% से ऊपर प्राप्त किए हैं। इसमें प्रथम डिंपी चंद्राकर 97.17%, द्वितीय भव्या मनहरे 96.17%, तृतीय यशिका ठाकुर ने 96% अंक प्राप्त किए। पांचवीं एवं आठवीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्य, एकेडमिक डायरेक्टर एवं सभी शिक्षकों ने सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को बधाई दी।

**अष्टम में गीतिका व पंचम में यश देवांगन प्रथम**

**आरंग।** ग्राम रीवा में बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर का कक्षा पंचम और अष्टम का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें कक्षा पंचम में प्रथम यश देवांगन 93%, द्वितीय टिकेश्वरी 92.50%, तृतीय डोमेश 91.50% रहे। उसी प्रकार कक्षा अष्टम में प्रथम गीतिका 88.67%, द्वितीय इंदु 87.17 %, खिलेश्वरी 87.17 % और तृतीय गुलशन 87% रहे। मुख्य अतिथि व्यवस्थापक सुरेन्द्र नशीन, सचिव दिलीप कुर्रे, प्रधानाचार्य टीकाराम धीवर, कार्यालय प्रमुख शैलेन्द्र साहु के अलावा बड़ी संख्या बच्चे व अभिभावक भी उपस्थित थे। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान आने-वाले भैया-बहनों को तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया गया। मोहनदास मानिकपुरी ने सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के व्यवस्थापक, अध्यक्ष, सचिव, प्रधानाचार्य, आचार्य, दीदी सहित शिष्य, शिष्या, अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा की आज्ञा का पालन करना ही मनुष्य धर्म-कर्म है। आज्ञाकारी मनुष्य ही संस्कारवान, गुणवान व ज्ञानवान होते हैं।

# भानसोज में बाल वाटिका भवन के लिए भूमिपूजन



**आरंग।** पीएम श्री स्कूल भानसोज में बुधवार को पीएम श्री की वार्षिक कार्य योजना एवं बजट भारत सरकार द्वारा पीएम श्री योजना के अंतर्गत चयनित शालाओं में बाल वाटिका भवन का निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया। जिसमे सभापति जनपद सदस्य अमर राजेंद्र मांडले, सरपंच जगमोहन बघेल, पंच उमेश धीवर, बबलू बंजारे स्कूल स्टाफ एवम पीएम श्री स्कूल योजना प्रभारी डी.डी. पाटिल की शामिल हुए। बालवाड़ी एक पूर्व-प्राथमिक शिक्षा संस्थान है जो छोटे बच्चों को शिक्षा और देखभाल प्रदान करता है। यहाँ बच्चे खेल-खेल में सीखते हैं और अपने शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देते हैं। बालवाड़ी में बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में शामिल किया जाता है, जैसे खेल और मनोरंजन, गीत और नृत्य, कहानी सुनाना, चित्रकला और हस्तशिल्प, बुनियादी गणित और भाषा कौशल बालवाड़ी का उद्देश्य बच्चों को प्राथमिक शिक्षा के लिए तैयार करना और उनके समग्र विकास को बढ़ावा देना है।



# बोरीद में हुआ स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

**आरंग।** ग्राम बोरिद में सीआरपीएफ ग्रुप समूह भिलाई द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला बोरिद में शुक्रवार को स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम लगाया गया। जिसमें सीआरपीएफ कैंप के डाक्टरों की टीम और ग्राम पंचायत बोरिद के सरपंच दिनेश कुमार गिलहरे, उप सरपंच अमन अशोक चंद्राकर, सचिव ममता साहू, पंच सौरभ चंद्राकर, सम्माननीय शिक्षक जितेंद्र वर्मा, होरी लाल पटेल, रात्रे सर, चंद्राकर सर, ध्रुव सर, चंद्राकर मैडम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिसमें अधिक संख्या में बच्चे, महिला, पुरुष, बड़े बुजुर्ग जनप्रतिनिधि स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर उसका लाभ उठाये है एवं दवाईया प्राप्त की।

# अभनपुर की महिला समूह सदस्य उद्यमिता सीखने ओडिसा रवाना



**अभनपुर।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा टीका दर्शन योजना के तहत अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव के महिला समूह के सदस्यो को जगन्नाथ पुरी व उड़ीसा राज्य की राजधानी भुनेश्वर की यात्रा मे शामिल महिलाओ को अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया एवं उनकी यात्रा की सफलता के लिए शुभकामनाये दी। विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा इस यात्रा का उद्देश्य महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अन्य राज्यो मे स्थापित लघु उद्योगो मे उत्पादन मशीनरी आदि के बारे मे जानकारी हासिल कर अपने यहां उन कार्यो को शुरू कर अपनी आय को बढ़ा सके ,खासतौर पे महिलाओ को महिला उद्यमियो से प्रशिक्षण दिलाने के उद्देश्य से उन्हे भेजा गया है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष भरत बैस,विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र बंजारे,राघवेन्द्र साहू आदि स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**अवैध नल कनेक्शनों पर सख्ती, एक देश-एक चुनाव के समर्थन में प्रस्ताव**

# नगर पालिका अभनपुर की सामान्य सभा की पहली बैठक में लिए गए कई अहम फैसले

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

नगर पालिका अभनपुर के सामान्य सभा की प्रथम बैठक मे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। इस बैठक मे एक देश एक चुनाव के समर्थन मे प्रस्ताव पारित किया गया एवं नगर मे नगर की पेयजल व्यवस्था को दुरूस्त करने अवैध नल कनेक्शन धारीयो को एक मौका देकर निर्धारित शुल्क जमा करने पर वैध नल कनेक्शन की श्रेणी मे लाने इसके बावजूद जो लोग शुल्क जमा नही करते उसे अवैध कनेक्शन मानते हुये सख्त कार्यवाही की जायेगी साथ ही मेन पाईप से राजनीतिक दबाव मे चालू किये गये नल कनेक्शन को तत्काल बंद करने का निर्णय लिया गया है।



इसी तरह अस्पताल के पास बाजार मे मांस मछली के दुकानो को दूसरी जगह स्थानांतरित करने,नगरीय क्षेत्र मे नाली के बाहर सडक़ सीमा मे सामान रखने पर एवं शेड को आगे बढ़ाने व दुकानो के सामने बड़ी होर्डिग लगाने पर दुकानदारो के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी,बस स्टैण्ड मे ग्राम पंचायत के समय व्यवसायियो को लीज पट्टा प्राप्त हुआ था उसकी जांच करने सभी व्यवसायियो से जानकारी मंगाई जायेगी,फर्नीचर के समीप पालिका बाजार एवं छोटा गार्डन बनाने इन सब विषयो मे प्रस्ताव पारित कर कार्यवाही करने सामान्य सभा की बैठक मे निर्णय लिया गया है,नगर को व्यवस्थित बनाने के लिए अध्यक्ष,उपाध्यक्ष सहित समस्त पार्षदो ने सभी प्रस्तावो का समर्थन किया।

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल द्वारा निर्मित दीनदयाल आवास योजना गातापार अभनपुर, रायपुर में एल.आई.जी. स्वतंत्र भवन क्रमांक- 275, श्रीमति नीता मिश्रा पति श्री निश्चल कुमार मिश्रा के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय अभनपुर से दिनांक 22.08.2019 को लीज डीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्रीमति नीता मिश्रा पति श्री निश्चल कुमार मिश्रा, निवासीः- मकान नं. 113/1, दैहान मार्ग कवर्धा (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री मिथलेश भास्कर पिता स्व. श्री गैन्दलाल भास्कर, निवासीः- 275 दीनदयाल आवास गातापार तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः दीनदयाल आवास योजना गातापार अभनपुर स्थित एल.आई.जी. स्वतंत्र भवन क्रमांक-275 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**न्यायालय तहसीलदार सुहेला जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**// राजस्व मामले में नोटिस //**

ग्राम रा.मा.क्र. 202412213700035 अ/27 वर्ष 2024-25, ग्राम- रावन प.ह.नं. 39
रश्मि पिता करूणेश वर्मा जाति कुर्मी साकिन रावन प.ह.न. 39 तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा- छ.ग. ...... **आवेदक**

**बनाम**

1. ना.बा. धर्मिष्ठा वर्मा पिता हरिश वर्मा वली मां लता वर्मा, 2. लता वर्मा पति हरिश वर्मा, 3. माया पिता करूणेश वर्मा 4. छाया पिता करूणेश वर्मा, 5. लक्ष्मी पति करूणेश वर्मा सभी का साकिन रावन प.ह.न. 39 तहसील सुहेला .......**अनावेदक**

आवेदिका रश्मि वर्मा पिता करूणेश वर्मा जाति कुर्मी साकिन रावन तहसील सुहेला ने आवेदन किया है कि ग्राम रावन प.ह.न. 39 स्थित भूमि खाता क्रमांक 461 खसरा नंबर 431/1 रकबा 1.255 हे. भूमि आवेदिका एवं अनावेदकगण के नाम पर शामिल खाते मे राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। आवेदिका एवं अनावेदकगण एक ही परिवार के सदस्य है। उक्त वाद भूमि शामिल खाते मे होने के कारण अपने-अपने हिस्से की भूमि का उपयोग, उपभोग करने मे परेशानी हो रही है। जिसके कारण उक्त वाद भूमि का 1/5 भाग मे आवेदिका एवं अनावेदकगण के मध्य खाता विभाजन किये जाने का निवेदन किया है। जो कि प्रकरण इस न्यायालय मे विचाराधीन है।

उक्त प्रकरण मे अनावेदक ना.बा. धर्मिष्ठा वर्मा पिता हरिश वली मां लता वर्मा, लता वर्मा पति हरिश वर्मा कास्तकार सुहेला, निवासी ग्राम बिरगावं तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) आपको सूचित किया जाता है कि सुनवाई तारीख 16.05.2025 को इस न्यायालय मे उपस्थित होकर स्वयं या किसी अधिवक्ता के माध्यम से जवाब प्रस्तुत कर सकते है । अनुपस्थिति की दशा मे एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा ।

मुहर

**तहसीलदार**
**सुहेला**


ANANTRA MART™
A UNIT OF TIWARI BUILDCON & MAJISHA TRADERS
7%* TO 70%* OFF
ON MRP EVERYDAY
सब के लिए सब कुछ
अनंतरा मार्ट का दुबई ऑफर फिर से 2.0
₹ 1799* में कूपन पाओं और दुबई जाओं
यह स्कीम 16 अप्रैल 2025 से 15 नवम्बर 2025 तक
20 कुपन पर कुकर 2 लीटर
50 कुपन पर इंडेक्शन
75 कुपन पर मिक्चर ग्राईंडर + 2 जार
100 कुपन पर ट्राली बैग 3 पीस सेट
200 कुपन पर कान्हा किसली 5 स्टार पैकेज
400 कुपन पर गोवा 3 नाईट
700 कुपन पर दुबई 3 नाईट
Special Offer
PURCHASE ₹1999 GET ₹1
RAM BANDHU RED CHILLI PICKLE 350G
Come & Discover Something New & Exciting Offers With Us
Offer Valid Till 01st May to 21 May 25 for Limited Stock*
BUY 1 GET 1 FREE
महीना महाबचत का 01 से 21 मई
BUY 1 GET 1 FREE भारतीय मिठाई, नमकीन, बिस्कुट एवं कुकीज
SAMPOORNA RICE KOLAM PURPLE MRP ₹68 OUR PRICE ₹50
TOOR DAL REGULAR MRP ₹155 OUR PRICE ₹107
SUGAR MRP ₹52 OUR PRICE ₹43
BASMATI RICE MRP ₹120 OUR PRICE ₹78
SOOPRLIFE REFIND SUNFLOWER OIL 1L MRP ₹162 OUR PRICE ₹140
BROOKE BOND RED LABEL TEA 1KG MRP ₹560 OUR PRICE ₹370
SUNDER SAKHI AATA 5KG MRP ₹260 OUR PRICE ₹171
HAMDARD ROOH AFZA 750 ML MRP ₹180 OUR PRICE ₹151
THUMS UP/FENTA/ SPRITE 2LTR MRP ₹100 OUR PRICE ₹77
BADAM 500 GM MRP ₹700 OUR PRICE ₹449
FROOTI 1.8 LTR MRP ₹99 OUR PRICE ₹83
SUNDER RUSK 1KG MRP ₹230 OUR PRICE ₹99
LOTTE CHOCOPIE 552 GM (24 P) MRP ₹400 OUR PRICE ₹160
SURF EXCEL EASY WASH 3KG MRP ₹390 OUR PRICE ₹309
PEARS PURE & GENTLE BUY 500GM & GET 125GM FREE MRP ₹389 OUR PRICE ₹289
PIGEON PRIME INDUCTION COOKTOP 1800 WT MRP ₹3195 OUR PRICE ₹999
PIGEON GLASS COOCK TOP NEO 25 2 BURNER MRP ₹3999 OUR PRICE ₹1699
PIGEON STORM COOKER 3LTR MRP ₹1545 OUR PRICE ₹849
स्टेशनरी प्रोडक्ट्स DOMS SHARP MINDS UP TO 20%* OFF
VIP TROLLY SET 3 PIC. MRP ₹27999 OUR PRICE ₹5199
जगह एवं फेन्चाइजी की आवश्यकता है छत्तीसगढ़ में संपर्क करें :- 7992799220
गोल्डन टावर, बोरिया खुर्द, रायपुर, मो. 7880008071
जौहरी हॉस्पिटल, ग्राउंड फ्लोर, भाटागांव, रायपुर, मो. 7880008072
शैलेन्द्र नगर, कटोरा तालाब रोड, रायपुर, मो. 7880008073
लिंतिषा बिज़नस पार्क, रायपुर रोड, बेमेतरा, मो. 9689968941
Customer Care : 7992 7992 20
FREE HOME DELIVERY
*नियम एवं शर्तें लागू : सभी ऑफर्स सुचना के बिना बदलाव के अधीन हैं| ऑफर सस्टॉक रहने तक | दिखाये गये प्रोडक्ट्स के ग्राफ़िक्स केवल सांकेतिक मात्र हैं | ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं | सभी मतभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं | सभी क्रेडिट, डेबिट कार्ड, एवं युपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं |

# छग कॉलेज में प्राणीशास्त्र व डागा में राजनीति पर शोध, शर्त- बढ़ानी होगी पुस्तक संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्राणीशास्त्र और राजनीति विज्ञान में शोध करने की इच्छा रखने वाले विद्यार्थियों को इस साल अतिरिक्त सीट पर मौके मिलेंगे। रविवि द्वारा डागा गर्ल्स कॉलेज को राजनीति विज्ञान के शोध केंद्र के रूप में अनुमति प्रदान कर दी गई है, जबकि छत्तीसगढ़ महाविद्यालय द्वारा प्राणीशास्त्र में शोध के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। अनुमति मिलने के बाद यहां भी शोध कार्य प्रारंभ हो जाएगी। डागा महाविद्यालय के संदर्भ में कार्यपरिषद की पिछली बैठक में निर्णय लिया जा चुका है, जबकि छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के विषय में अगली बैठक में निर्णय लेने की बात कही गई है।

डागा महाविद्यालय को राजनीति विज्ञान में शोध केंद्र के रुप में फिलहाल तीन वर्ष के लिए मान्यता प्रदान की गई है। इसमें भी विवि ने अपनी शर्तें रखी हैं। विवि ने डागा महाविद्यालय प्रबंधन को पुस्तकालय में किताबों की संख्या बढ़ाने और शोधार्थियों को अधिकतम सुविधाएं प्रदान करने कहा है। छग कॉलेज में मान्यता के संदर्भ में बिंदुवार जानकारी अगली बैठक में रखी जाएगी।

## डागा गर्ल्स कॉलेज को आगामी तीन सालों के लिए दी गई अनुमति

### रिसर्च सीड मनी के लिए 25 लाख

रविवि द्वारा शोध कार्य को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के प्रयोग किए जा रहे हैं। संबद्ध महाविद्यालयों में अधिक से अधिक शोध केंद्र स्थापित किए जाने से लेकर विवि अध्ययनशाला में भी प्राध्यापकों और छात्रों को रिसर्च कार्य में बढ़ावा देने रिसर्च सीड योजना शुरू की गई है। इसके लिए 25 लाख रुपए विवि ने स्वीकृत किए हैं।










### मापदंडों का करेंगे पालन

हमें शोध केंद्र की अनुमति मिल गई है। विश्वविद्यालय के जो भी मापदंड हैं, उसे पूरा करेंगे।

- डॉ. संगीता घई, प्राचार्य डागा कॉलेज

### पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने नहीं मनाया स्थापना दिवस

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा इस बार अपना स्थापना दिवस नहीं मनाया गया है। एक मई को रविवि अपना स्थापना दिवस मनाता है। स्थापना दिवस संबंधित आयोजन नहीं होने के पीछे तर्क देते हुए रविवि ने कहा है कि अगले माह नैक टीम का रविवि दौरा संभावित है। इसकी तैयारियों के कारण स्थापना दिवस पर होने वाले पारंपरिक कार्यक्रमों को आगामी दिवस तक स्थगित किया जा रहा है। सांकेतिक रूप से प्रतिमा पर माल्यार्पण विवि द्वारा किया गया। गौरतलब है कि 2023 में नैक ने रविवि को बी ग्रेड दिया था। इससे असंतुष्ट होने के कारण रविवि ने दो वर्ष के अंतराल में ही टीम को पुनः आमंत्रित किया है।

## खबर संक्षेप



### छाछ, सकोरा एवं पक्षियों के लिए दाना वितरित किया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन महिला मंडल द्वारा मजदूर दिवस पर तेलीबांधा चौक मरीन ड्राइव के पास छाछ का वितरण किया गया तथा भीषण गर्मी के मद्देनजर उपस्थित लोगों को पक्षियों के लिए दाना और सकोरा का वितरण किया गया. इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्ष रेनू गुप्ता, उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी बजाज, सचिव मीना बजाज, बिंदु बग्गा, भावना बग्गा, संतोष सूरी, रोमा साहनी, किरण बत्रा, प्रिया नारंग, इंद्रजीत भामरा एवं सुनीता जसवाल आदि प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे. उपस्थित जनसमुदाय ने महिला मंडल के इस नेक कार्य की सराहना करते हुए पदाधिकारियों को साधुवाद दिया।

### पंकज नायक बने पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष



**रायपुर।** राज्य शासन के पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के लिए छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का पंजीयन कर शुक्रवार को कर्मचारी भवन में कार्यकारिणी का गठन किया गया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव ने प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्षों की घोषणा की,वहीं जिला शाखा अध्यक्ष रायपुर पंकज नायक सेवानिवृत्त सहायक आयुक्त को बनाया गया।

### भगवान परशुराम की 11 सौ दीपों से होगी महाआरती



**रायपुर।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद की आवश्यक बैठक 3 मई को संध्या 5.30 बजे से वृंदावन हॉल सिविल लाइंस कालीमाता मंदिर के पीछे रखी गई है। बैठक में अरविंद ओझा प्रांतीय अध्यक्ष एवं नितिन कुमार झा कार्यक्रम संयोजक मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। संभागीय सचिव सतीश शर्मा ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि बैठक में 19 मई सोमवार की संध्या श्री दूधाधारी सत्संग भवन मठपारा में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर 11 सौ दीपों से महाआरती, भजन संध्या, विप्रजनों का सम्मान, भोजन प्रसादी की तैयारी के विषय में चर्चा की जाएगी। बैठक में सर्व ब्राह्मण समाज के प्रमुखजन उपस्थित रहेंगे।

## निधन

### रामकुमार बघेल



**रायपुर।** ग्राम पथरी निवासी दाऊ रामकुमार बघेल का 2 मई को निधन हो गया। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं श्रमिक नेता स्व. दाऊ जगन्नाथ बघेल के पुत्र, स्व. खूबचंद बघेल के भतीजे एवं छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रमुख अमित बघेल के पिता थे। उनकी इच्छानुसार परिजनों ने उनकी पार्थिव देह एम्स रायपुर को सौंप दी।

## मुख्यमंत्री ने नीति आयोग की कार्यशाला का किया शुभारंभ

# युवाओं के कौशल विकास के लिए चार एमओयू, खुलेंगे रोजगार के नए द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर में नीति-राज्य कार्यशाला श्रृंखला के राज्य समर्थन मिशन के तहत छत्तीसगढ़ में युवाओं, महिलाओं और जनजातीय समुदायों के लिए कौशल विकास, रोजगार और आजीविका के अवसरों को विस्तार देने विषय पर आधारित कार्यशाला का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह कार्यशाला बदलते समय की जरूरतों के अनुरूप बेहद प्रासंगिक है। भारत एक युवा देश है और यदि युवाओं को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार कौशल प्रशिक्षण मिले, तो हम 'विकसित भारत' के लक्ष्य को तेजी से हासिल कर सकते हैं। इस मौके पर राज्य के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा चार महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के लिए युवाओं, महिलाओं और जनजातीय वर्ग को केंद्र में रखकर योजनाएं बनाई जा रही हैं। उन्होंने नीति आयोग की आकांक्षी जिलों की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे जनजातीय क्षेत्रों में बदलाव देखने को मिला है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार वर्ष 2013 से कौशल विकास को तीव्रता से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार लाइवलीहुड कॉलेज, आईटीआई और महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने पर काम कर रही है। उन्होंने महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के साथ समझौते की जानकारी देते हुए कहा कि इसके तहत राज्य के युवाओं को ट्रैक्टर निर्माण की आधुनिक तकनीक सिखाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस पहल से बस्तर और सरगुजा अंचल के ग्रामीण युवाओं तथा उनके परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आयेगा।

### युवाओं को रोजगार दिलाने राज्य समर्थन मिशन का संचालन

*अब तक 4.83 लाख को प्रशिक्षण*

*कार्यशाला को कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा सचिव एस. भारती दासन ने कहा कि छत्तीसगढ़ में युवाओं के लिए मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत अब तक लगभग 4.83 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिनमें से 2.66 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार भी मिला है। नीति आयोग की प्रोग्राम निदेशक डॉ. सोनिया पंत ने कहा कि नीति आयोग का 'राज्य समर्थन मिशन' राज्यों को उनकी आर्थिक व सामाजिक विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तकनीकी सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।*



### कौशल विकास के लिए ये है 4 एमओयू

पहला एमओयू तकनीकी शिक्षा छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण एवं नन्दी फाउंडेशन के बीच हुआ। दूसरा एमओयू कौशल विकास प्राधिकरण एवं महेन्द्रा एंड महेन्द्रा के बीच हुआ।

तीसरा एमओयू उच्च शिक्षा विभाग और नैसकॉम के बीच हुआ, इस समझौते का उद्देश्य कॉलेजों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी देकर उन्हें जॉब सीकर से जॉब प्रोवाइडर के रूप में विकसित करना है। इसी प्रकार उच्च शिक्षा विभाग और नन्दी फाउंडेशन हैदराबाद के बीच चौथा समझौता हुआ, इस एमओयू के तहत महाविद्यालयों के छात्रों को रोजगार परक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें कुशल और आत्मनिर्भर युवा के रूप में तैयार किया जाएगा।

## श्रमिक दिवस पर कांग्रेस ने किया श्रमवीरों का सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस असंगठित क्षेत्र एवं समस्या निवारण प्रकोष्ठ के द्वारा श्रमिक दिवस पर शहीद स्मारक भवन में श्रमिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने श्रमिकों का श्रीफल, शॉल व टिफिन बॉक्स भेंट कर सम्मान किया।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, श्रम कल्याण मंडल के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद, पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक पंकज शर्मा ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री एवं छाया विधायक रायपुर दक्षिण कन्हैया अग्रवाल ने किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, श्रमिक साथी देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। कांग्रेस पार्टी श्रमिकों का कल्याण व सम्मान करती है। गरीब व श्रमिकों के हित में मनरेगा, शिक्षा व भोजन का अधिकार पूर्व की कांग्रेस सरकार ने प्रदान किया था।

कांग्रेस सरकार ने श्रमिकों के कल्याण हेतु अनेक योजनाएं संचालित की थी। कांग्रेस ने श्रमिक दिवस को बोरे बासी दिवस के रूप में मनाया है। केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार श्रमिक विरोधी है। भाजपा सरकार में श्रमिक अन्य राज्यों में पलायन कर रहे हैं। कांग्रेस असंगठित क्षेत्र एवं समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने कहा, श्रमिक साथियों की मेहनत अनमोल है वह दिन-रात देश व लोगों के लिए पसीना बहाते हैं।

## सीएम साय आज करेंगे रजिस्ट्री विभाग की 10 नवीन सुविधाओं की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 3 मई को नवा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में पंजीयन (रजिस्ट्री) विभाग की नवाचार आधारित 10 नवीन सुविधाओं का शुभारंभ और मेसर्स रैक बैंक द्वारा प्रस्तावित अत्याधुनिक एआई डाटा सेंटर का शिलान्यास भी करेंगे। यह कार्यक्रम राज्य के डिजिटल बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने और आम नागरिकों को पारदर्शी, सरल तथा तकनीकी सुलभ सेवाएं प्रदान करने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण कदम होगा।



■ मेसर्स रैक बैंक के एआई डाटा सेंटर का होगा शिलान्यास

### डाटा सेंटर का शिलान्यास

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा जिस एआई डाटा सेंटर का शिलान्यास किया जाएगा, वह नवा रायपुर के सेक्टर 22 में विशेष आर्थिक क्षेत्र के रूप में स्थापित किया जा रहा है। प्रथम चरण में 5 मेगावॉट क्षमता का यह केंद्र पर्यावरण संरक्षण मानकों का पालन करते हुए सौर ऊर्जा आधारित होगा तथा भविष्य में इसकी क्षमता 150 मेगावॉट तक विस्तार की जा सकेगी। लगभग 1000 करोड़ के निवेश वाली इस परियोजना से 500 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह इकाई राज्य की औद्योगिक नीति वर्ष 2024-30 के तहत एंकर यूनिट के रूप में विकसित होगी। इसके साथ ही राज्य में आईटी, आईटीईएस, इलेक्ट्रॉनिक्स और डेटा सेवाओं से जुड़े एक नए इको-सिस्टम के विकास की नीव रखी जाएगी।

### ये हैं 10 नई सुविधाएं

पंजीयन विभाग द्वारा आम नागरिकों की सुविधा, पारदर्शिता और दस्तावेजों की सुरक्षा के उद्देश्य से पंजीयन प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल और सरल बनाया गया है। इन सुविधाओं में आधार आधारित प्रमाणीकरण, ऑनलाइन सर्च एवं डाउनलोड, कैशलेस भुगतान, डिजीलॉकर, व्हाट्सएप नोटिफिकेशन, घर बैठे रजिस्ट्री, डिजीडॉक्यूमेंट, स्वतः नामांतरण जैसी तकनीकी सेवाएं शामिल हैं। इन सुविधाओं से रजिस्ट्री प्रक्रिया, पेपरलेस सुरक्षित और नागरिकों के लिए सहज हो सकेगी। अब आम नागरिक रजिस्ट्री से जुड़ी सेवाएं घर बैठे प्राप्त कर सकेंगे, जिससे समय, श्रम और धन की बचत होगी।

## वक्फ बिल की खूबियां बताने हर विधानसभा में सम्मेलन घर-घर भी जाएगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वक्फ संशोधन बिल को लेकर भाजपा ने प्रदेशभर में शनिवार से अभियान चलाने का फैसला किया है। इसके लिए एक दिन पहले हुई प्रदेश स्तर की कार्यशाला में प्रदेश के मंत्रियों, विधायकों और सांसदों को जिम्मा दिया गया है। हर विधानसभा के साथ ही जिलों में सम्मेलन होंगे। इसमें मुस्लिम समाज के हर वर्ग के लोगों को आमंत्रित करके उनको वक्फ बिल की खूबियों के बारे में बताया जाएगा। भाजपा के कार्यकर्ता मुस्लिम समाज के घर-घर भी जाकर बात करेंगे।

वक्फ बिल को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने तय किया है कि इसको लेकर मुस्लिम समाज को पूरी जानकारी दी जाएगी। इसके लिए हर राज्य में कार्यक्रम तय किए गए हैं। कार्यक्रमों से पहले कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रदेश में एक दिन पहले कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित कार्यशाला में प्रदेश के सभी मंत्रियों, विधायक, सांसदों के साथ जन प्रतिनिधियों को बुलाकर जिम्मेदारी तय की गई है और उनको बताया गया कि क्या करना है।



■ मंत्रियों, विधायक, सांसदों को जिम्मा

### विधानसभा में विधायक, जिलों में रहेंगे सांसद

प्रदेश भाजपा संगठन ने तय किया है कि हर विधानसभा में एक सम्मेलन होगा। इसमें मुस्लिम समाज के डॉक्टर, वकील, इंजीनियर, व्यापारी, सामाजिक नेता सहित हर वर्ग के लोंगो को आमंत्रित किया जाएगा। सम्मेलन में एक व्याख्यान माला के तहत भाजपा के विधायक और अन्य नेता वक्फ बिल के बारे में पूरी विस्तार से जानकारी देते हुए बताएंगे कि यह किस तरह से मुस्लिम समाज के लिए फायदेमंद है। जिलों में जो आयोजन होंगे, उन आयोजन में सांसद रहेंगे। इसी के साथ आयोजनों में उस क्षेत्र के महापौर, सभापति, जिला पंचायतों, नगर पंचायतों के अध्यक्ष, निगम, मंडल के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जन प्रतिनिधि और भाजपा संगठन के पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

## घर के सामने शराब पीने से रोका तो बदमाशों ने किया चाकू से हमला, लाठी से की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग मामलों में घर तथा दुकान के सामने शराब पीने से मना करने पर बदमाशों द्वारा मारपीट, चाकूबाजी तथा घर को जलाने की कोशिश करने की घटना हुई है। पुलिस दोनों मामलों में अपराध दर्ज कर बदमाशों की पतासाजी करने की बात कह रही है।

संतोषी नगर में चिकन सेंटर संचालित करने वाले इश्तियाक खान ने मुनाफ मेमन उर्फ टाइगर, अमान अख्तर, रिहान, तालिब, फैजल तथा अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मुनाफ तथा उसके साथियों के खिलाफ इश्तियाक ने अपने घर के सामने शराब पीने से मना करने पर चाकू से हमला कर लाठी से मारपीट करने की पुलिस में शिकायत की है। इश्तियाक के अनुसार घर के सामने शराब पीने से मना करने पर बदमाश नाराज हो गए और चिकन सेंटर से लौटने के दौरान मुनाफ तथा उसके साथियों ने इश्तियाक को रास्ते में रोककर उस पर चाकू से हमला कर उसकी लाठी से पिटाई की। घटना चार से पांच दिन पुरानी है।

### घटना संतोषी नगर की, घटना के बाद सभी आरोपी फरार



### एक अन्य मामले में बाप-बेटे की पिटाई

टिकरापारा में किराना दुकान संचालित करने वाले एक कारोबारी ने दो भाइयों के खिलाफ दुकान के सामने शराब पीने से मना करने पर मारपीट करने तथा घर के दरवाजे में पेट्रोल डालकर घर को जलाने की कोशिश करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शंकर धीवर ने दीपक नामदेव तथा उसके भाई दुर्गेश के खिलाफ मारपीट करने की शिकायात दर्ज कराई है। शंकर ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार को अपनी दुकान में बैठा था। इस दौरान दीपक दुकान के पास बैठकर शराब पी रहा था। मना करने पर दीपक ने शंकर के साथ गाली-गलौज की। दुकान बंद कर जाने के बाद दीपक अपने भाई को बुलाकर शंकर तथा उसके बेटे के साथ मारपीट करते हुए घर के दरवाजे पर पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश की।

## पेज 11 के शेष ...

### उद्यानिकी के मत्थे...

इस तरह शहर के बंगलों सहित अन्य शासकीय कार्यालयों के उद्यानों में पेड़-पौधे लगाने तथा मेंटनेंस में होने वाले खर्च को मेंटेन करने में विभाग के हाथ-पांव फूल जाते हैं, वहीं अब नवा रायपुर में बने मंत्रियों-अफसरों के बंगलों से लेकर शासकीय कार्यालयों के उद्यानों के मेंटनेंस का जिम्मा भी विभाग को सौंप दिया गया है, जिसके बाद विभाग का अब पसीना भी छूटने लगा है। इधर विभागीय सूत्रों का भी यही कहना है कि नवा रायपुर के बंगलों व शासकीय उद्यानों की जिम्मेदारी मिलने के कारण विभाग में फंड और कर्मचारियों की कमी हो गई, जबकि यह जिम्मेदारी एनआरडीए को दी जानी चाहिए।

### बिजली बंद से टंकियों...

**नदी-तालाब व हैंडपंप में लगी भीड़ः** अंधड़ के कारण शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के कई इलाकों में पिछले 24 घंटे से अधिक समय से बिजली बंद है। विद्युत विभाग द्वारा सुधार नहीं किए जाने से इन इलाकों में बोरवेल से लोग पानी टंकियों में चढ़ा नहीं पाए। शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में जहां-जहां बिजली दिनभर बंद रही, उन इलाकों में रहने वाले लोग हैंडपंपों से पानी भरते नजर आए। इस कारण हैंडपंपों में भी लोगों की भारी भीड़ लगी रही।

**कबीर नगर, हीरापुर में पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसे लोगः** दिनभर बिजली बंद होने के कारण शहर के कबीरनगर एवं हीरापुर इलाके के घरों में नगर निगम के नल कनेक्शन से पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई।

### महिला की महाधमनी...

एरोटिक रिपेयर (टीईवीएआर) की प्रक्रिया पूरी की। मरीज के इलियाक धमनी यानी पैरों की नसों की चौड़ाई सामान्य से कम होने के कारण इसकी मदद से महाधमनी तक पहुंच पाना संभव नहीं था। इसीलिए पेट के निचले हिस्से में एक छोटा ऑपरेशन कर महाधमनी के कमजोर हिस्से तक पहुंचकर स्टेंट लगाने की प्रक्रिया पूरी की गई है। इस पद्धति से इलाज के बाद कुछ समय तक उसे चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया, जिससे महिला स्वस्थ्य हो गई।

### शराब पीने पैसा...

ठाकुर सिंह की खून से सनी लाश मिलने की जानकारी पुलिस को खमतराई निवासी कृष्णा वर्मा से मिली। सागर के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले। मौके पर पहुंची फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम तथा शार्ट पीएम रिपोर्ट में सागर की मौत नुकीले धारदार हथियार से होने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने आसपास के रहवासियों से पूछताछ करने के साथ ही घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हत्यारे की पतासाजी की। फूटेज में घटना स्थल के पास विकास संदिग्ध हालत में घूमते दिखा। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो मामले का खुलासा हुआ।

### पंजीकरण में हुई गलती...

बाद में भर्ती परीक्षाओं के दौरान भी उनका यही मोबाइल नंबर व्यापम द्वारा सूचना अथवा ओटीपी प्रदान करने के लिए किया जाता है। इसके अलावा कई बार विविध कारणों से अभ्यर्थी के फोन नंबर में भी बदलाव हो जाता है। इन सब कारणों से पंजीकरण में सुधार के लिए निवेदन छात्रों द्वारा किया गया था।

### 85 साल की वृद्धा...

दबाकर बेहोश करने के बाद लूट की। घटना आमानका थाना क्षेत्र की है। टाटीबंध, लालवानी हाईट्स निवासी दुर्गादास लालवानी ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। दुर्गादास ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को उसकी सास ईशा बाई खेत्रपाल गुरुद्वारा गई थी। इस दौरान अज्ञात एक्टिवा सवार बदमाश ने ईशा बाई को घर तक छोड़ने की बात कह कर अपने एक्टिवा में बैठाया। उम्रदराज होने की वजह से महिला की याददाश्त भी कमजोर हो गई है। इस वजह से महिला को समझ में नहीं आया कि बदमाश उसे कहां ले जा रहा है।

HEALTH TOWN

k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◀ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बृजमोहन फिर प्राक्कलन समिति के सदस्य



**रायपुर।** रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल को एक बार फिर लोकसभा की महत्वपूर्ण प्राक्कलन समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए की गई। नई समिति में कई सदस्यों को फिर से सदस्य बनाया गया है। श्री अग्रवाल ने कहा, मैं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने मुझ पर एक बार फिर विश्वास जताया। यह समिति संसदीय कार्य प्रणाली में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और मैं पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूंगा।

### कैदियों ने काट ली 20 साल की सजा पर रिहाई नहीं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की जेलों में 200 से अधिक बंदियों के 14 साल की सूखी सजा के साथ 6 साल की अर्जित माफी पूरी करने के बाद भी रिहाई नहीं हुई है। इस मामले की शिकायत राज्यपाल से करते हुए बंदियों की रिहाई की मांग की गई है। इस संबंध में गुमनाम पत्र समस्त परिजनों की ओर से हरिभूमि के भेजा गया है। इस पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, बस्तर के सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, मानवाधिकार आयोग दिल्ली, रायपुर सहित अन्य लोगों के साथ कुछ मीडिया संस्थान को भी भेजी गई है।

### एनसीईआरटी की बैठक में शामिल हुए मंत्री कश्यप

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की 59वीं जनरल काउंसिल की बैठक में शामिल हुए। केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में शिक्षा को बेहतर बनाने से संबंधित कई अहम मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी भी उपस्थित थे।

### निगम के नेता प्रतिपक्ष का विवाद सुलझाने कांग्रेस ने कमेटी बनाई

**रायपुर ।** रायपुर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष को लेकर हो रहे विवाद के निराकरण के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एक कमेटी का गठन किया है। इसका अध्यक्ष पूर्व विधायक लेखराम साहू को बनाया गया है। इसी के साथ दो सदस्य प्रेमचंद जायसी और सुनील माहेश्वरी बनाए गए हैं। कमेटी के सदस्य रायपुर शहर जिला अध्यक्ष, पार्षदों के साथ ही स्थानीय नेताओं से चर्चा करेंगे और पूरी रिपोर्ट बनाकर कांग्रेस कमेटी को सौंपेंगे। रायपुर के नगर निगम का नेता प्रतिपक्ष पहले शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने संदीप साहू को बनाया था। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले आकाश तिवारी को वापस पार्टी में लेकर उनको नेता प्रतिपक्ष बना दिया। आकाश तिवारी के नाम का पत्र नगर निगम को भेजने के बाद संदीप साहू सहित पांच कांग्रेसी पार्षदों ने इस्तीफा दे दिया है।

# गर्मी की छुट्टियों में छात्र बनाएंगे रोटी, थाली और चूहे की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस बार गर्मी की छुट्टियों में दूसरी कक्षा के छात्र पेड़, पत्ती, फूल, फल, थाली, रोटी और चूहे की तस्वीर बनाएंगे। इसके अलावा वे रंगों के आधार पर बटन, कागज चम्मच, कपड़े और खिलौने जैसी वस्तुएं एकत्र करेंगे। अपनी कक्षा के लड़के और लड़कियों की संख्या पता करना, रिश्तेदारों के नाम लिखना, शरीर के अंगों के नाम और काम, दीपावली त्योहार में बनने वाली पांच मिठाइयों के नाम पता करना सहित असाइनमेंट शामिल है। दरअसल, लोक शिक्षण संचालनलाय द्वारा सभी जिला शिक्षा कार्यालयों को खत लिखा गया है। इसमें उन्हें बताया गया है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्रों को किस तरह के प्रोजेक्ट दिए जा सकते हैं। छात्रों के लिए उनकी कक्षानुसार विविध कार्यों की सूची तैयार की गई है। ये केवल शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए है। स्कूल यदि चाहें तो दिए गए सुझावों के अलावा अन्य कार्य भी विद्यार्थियों को सौंप सकते हैं। छात्रों को गतिविधियां पूर्ण कर अपने संबंधियों को दिखाने तथा उनकी प्रतिक्रिया लेने भी कहा गया है। बीते वर्ष भी इस तरह का प्रयोग किया गया था। सत्र प्रारंभ होने के बाद छात्रों द्वारा पेश किए गए कई निबंध अत्यंत रोचक थे।

### बनाएंगे मिट्टी के खिलौने

विद्यार्थियों के रचनात्मक कौशल में विकास हो सके इसके लिए उन्हें मिट्टी के खिलौने बनाकर लाने कहा गया है। इसके लिए उन्हें कोई टॉपिक नहीं दिया गया है। विद्यार्थी अपने पसंदानुसार कोई भी खिलौना बना सकते हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद छात्र कक्षा में इसे प्रदर्शित करेंगे। पौधों की पत्तियों को संग्रहित करके उनके नाम लिखने, खेती के काम आने वाले आभूषणों के चार्ट बनाने जैसे कार्य भी दिए जाएंगे, जिससे विद्यार्थी अपने आसपास की चीजों और पर्यावरण को लेकर जागरूक हो सके।

अलग खबर

### एकत्र करेंगे कागज, चम्मच व बटन



### हायर सेकेंडरी छात्र करेंगे जनगणना

ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्रों को अपने गांव की जनगणना करने कहा गया है। गांव में रहने वाले परिवारों की गिनती करने के साथ ही उनका वर्गीकरण भी करना होगा। इसके लिए शासकीय नौकरी करने वाले व्यक्ति, निजी व्यवसाय करने वाले तथा मजदूरी करने वाले परिवार जैसे कई वर्ग तय किए गए हैं। औषधी महत्व की जड़ी-बूटियों की जानकारी एकत्र करने, वैज्ञानिक उपकरण स्थानीय सामग्री से तैयार करने जैसे कार्य भी उन्हें सौंपे गए हैं।

### आपसी विवाद पर सिर पर लकड़ी से वार कर हत्या की कोशिश



**रायपुर।** बदमाशों के खिलाफ सख्ती के बाद भी बदमाश पुलिस को चुनौती देते हुए आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। डीडीनगर थाना क्षेत्र में एक बदमाश ने आपसी विवाद के कारण एक व्यक्ति के सिर पर लकड़ी के मोटे गत्ते से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमलवार डीडीनगर थाना क्षेत्र का आदतन बदमाश है। घटना के बाद बदमाश फरार है। बदमाश पेशे से ऑटो चालक बताया जा रहा है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक पासपोर्ट कार्यालय के पास समैया राव का मकान है। वह बुधवार को अपने घर के बाहर होटल में नाश्ता कर रहा था। इस दौरान इंद्रप्रस्थ कालोनी निवासी कोई पिंटू नामक बदमाश ने समैया को नाश्ता करते देख ई-रिक्शा रोका और उससे विवाद करते हुए उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। समैया ने गाली-गलौज का विरोध किया। इस पर पिंटू ने अपने ई-रिक्शा में रखा लकड़ी का बत्ता बाहर निकाला और समैया के सिर पर जोरदार प्रहार कर दिया। अचानक हुए हमले से समैया के साथ वहां उपस्थित लोग कुछ समझ नहीं पाए। मौके पर उपस्थित लोगों ने समैया के परिजनों को घटना की जानकारी देने के साथ पुलिस को घटना की जानकारी दी। समैया की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

### संविदा वाले एसोसिएट प्रोफेसर का वेतन 2.5 लाख, नियमित प्राध्यापक को उतना नहीं

# ठगे से रह गए नियमित सुपर स्पेशलिस्ट डाक्टर संविदा वालों को मिलेगा डेढ़ गुना ज्यादा वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग कैडर की राह ताक रहे प्रदेश के सुपर स्पेशलिस्ट डाक्टर ठगे से रह गए हैं। गुरुवार को शासन द्वारा संविदा वालों का वेतन उनसे डेढ़ गुना अधिक कर दिया गया है। नये आदेश के बाद संविदा आधार पर आने वाले एसोसिएट प्रोफेसर का वेतन 2.50 लाख से 2.80 का होगा, जबकि इतना वेतन अभी नियमित प्राध्यापक को भी नहीं दिया जा रहा है।

राज्य में नियमित तौर पर सरकारी अस्पतालों को सेवा देने वाले सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों की संख्या दर्जनभर भी नहीं है, मगर मेडिकल कालेजों में जैसे कार्डियोलॉजी, कैंसर सर्जरी, हार्ट चेस्ट एंड वैस्कुलर सर्जरी, न्यूरो सर्जरी विभाग, पीडियाट्रिक सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी विभाग एवं नेफ्रोलॉजी विभाग स्थापित करने का श्रेय इन्हें ही है। पढ़ाई और दक्षता ज्यादा होने की वजह से इनके द्वारा अलग कैडर और एमडी-एमएस से अलग वेतन देने की मांग काफी समय से की जा रही है। इनकी मांग तो पूरी नहीं हुई, गुरुवार को संविदा सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों के वेतन में बढ़ोतरी से ज्यादातर आहत हुए हैं। डाक्टरों का तर्क है कि उनकी नियमित नियुक्ति पीएससी के माध्यम से होती है और प्रमोशन का लाभ मिलने में सालों लग जाता है, जबकि संविदा डाक्टर सीधे विभिन्न पदों पर नियुक्त होते हैं और नियम के अनुसार दो साल में उन्हें पदोन्नत भी कर दिया जाता है। वर्तमान में संविदा सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों के वेतन में वृद्धि की गई है, जिससे एसोसिएट प्रोफेसर का वेतन नियमित प्रोफेसर से भी ज्यादा हो गया है। चिकित्सकों का तर्क है कि उनके वेतन में वृद्धि से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, मगर नियमित सुपरस्पेशलिस्ट डाक्टरों को उनके पद और गरिमा के अनुरूप कैडर और वेतन दिए जाने की आवश्यकता है।



### दब जाती है फाइल

सूत्रों के मुताबिक सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों का अलग कैडर बनाकर योग्यता के आधार पर वेतन देने की मांग पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के अलावा कई अधिकारियों से डिमांड की जाती रही है। फाइलें वित्त विभाग और चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के बीच फंसकर रह जाती है। छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन का तर्क है कि विशेष योग्यता वाले डाक्टरों की कमी को दूर करने अलग कैडर बनाने की मांग को सबसे पहले पूरा करना चाहिए।

### दो मेडिकल कालेज के लिए कवायद

सूत्रों के अनुसार शासन द्वारा बिलासपुर और जगदलपुर मेडिकल कालेज में सुपरस्पेशलिटी विभाग का संचालन किए जाने की घोषणा की गई है मगर वहां मंशा के अनुरूप पर्याप्त संख्या में चिकित्सक नहीं मिल पा रहे हैं। बिलासपुर मेडिकल कालेज में कार्डियक सहित अन्य विभाग में बिना सुविधा के ओपीडी का संचालन किया जा रहा है वहीं जगदलपुर में इसकी योजना अभी कार्यरूप में नहीं आ पाई है। वर्तमान में आंबेडकर अस्पताल में कुछ और डीके अस्पताल के सारे विभाग सुपर स्पेशलिटी हैं।

### निजी में दस सरकारी में डेढ़ लाख

प्रदेश में काफी संख्या में निजी अस्पताल संचालित है जहां मरीजों को सुपर स्पेशलिटी उपचार की सुविधा दी जाती है। इस स्तर के डाक्टरों का वेतन वहां आठ से दस लाख है वहीं सरकारी में डेढ़ लाख से 1.80 लाख रुपए वेतन है। संविदा आधार पर काम करने वालों को सीधी नियुक्ति तो मिलती है मगर बेहतर विकल्प मिलने पर नौकरी छोड़ने की समस्या सदा बरकरार रहती है। डीके अस्पताल के कई विभाग इस तरह की समस्या से जूझते रहहते है क्योंकि वहां का 90 फीसदी डाक्टर संविदा आधार पर कार्यरत हैं।

### जीएसटी से मिले 4135 करोड़ कर संग्रहण में छत्तीसगढ़ देश के टॉप 15 राज्यों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अप्रैल 2025 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रहण में छत्तीसगढ़ ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ ने 4135 करोड़ रुपए का जीएसटी संग्रहण कर देश के शीर्ष 15 राज्यों की सूची में अपनी जगह बनाई है। जीएसटी संग्रहण के मामले में छत्तीसगढ़ ने केरल, पंजाब, बिहार और खनिज संसाधनों से भरपूर झारखंड जैसे राज्यों को भी पीछे छोड़ दिया है।

#### साय सरकार के फैसलों का असर

राज्य में इस आर्थिक प्रगति को लेकर विशेषज्ञों का मानना है कि यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा व्यापार और उद्योग क्षेत्र में किए गए सशक्त सुधारों का प्रतिफल है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बीते 15 महीनों में राज्य सरकार ने ऐसे कई निर्णय लिए हैं, जिससे राज्य में निवेश और व्यापार को बढ़ावा मिला है ।सरकार द्वारा किए गए प्रमुख सुधारों में उद्योग एवं व्यापार नियमों का सरलीकरण, गैर.जरूरी और बाधक कानूनों की समाप्ति, सभी जरूरी सेवाओं की ऑनलाइन उपलब्धता, पेट्रोल पंप खोलने के लिए लाइसेंस की बाध्यता को समाप्त करना और उद्योगों की स्थापना के लिए प्रक्रिया को सरल बनाना शामिल है।

#### समृद्ध राज्य बनाना हमारा लक्ष्य : सीएम

इन सभी पहल से राज्य में उद्योग और व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिला है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है और राजस्व संग्रह में निरंतर वृद्धि हो रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाना हमारा लक्ष्य है। राज्य की आर्थिक स्थिति में यह वृद्धि जनता और उद्योग जगत के सहयोग से संभव हुई है। यह प्रदर्शन छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है और यह दिखाता है कि राज्य संसाधन आधारित अर्थव्यवस्था से आगे बढ़कर अब एक सशक्त औद्योगिक केंद्र के रूप में उभर रहा है।

## एनआरआई कोटा से मेडिकल एडमिशन अब तक नहीं हुआ नियम में संशोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पात्रों को अप्रवासी भारतीय कोटे से निजी मेडिकल कालेज में प्रवेश देने नियम में संशोधन की प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं हुई है। पिछली बार न्यायालय द्वारा आवश्यक संशोधन कर राजपत्र में प्रकाशन के बाद एडमिशन दिए जाने का निर्देश दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट के इस मसले पर जब फैसला दिया गया था, तब राज्य में काउंसिलिंग शुरू हो चुकी थी। न्यायालय के आदेश के बाद भी नियम में संशोधन की प्रक्रिया शुरू नहीं किए जाने पर कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ ने सवाल खड़ा किया है। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में फैसला दिया था कि दूर के रिश्तेदारों के एनआरआई सर्टिफिकेट के आधार पर एडमिशन नहीं देने कहा था। राज्य में इस नियम पर अमल करने की कोशिश की गई, मगर काउंसिलिंग शुरू होने के कारण इसे लागू नहीं किया जा सका था। इस दौरान कोर्ट द्वारा चिकित्सा शिक्षा संचालनालय को निर्देशित किया गया था कि रक्त वंशावली के स्पष्टीकरण के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से संशोधित राजपत्र नोटिफिकेशन जारी करने के बाद इसे लागू कर सकती है। सूत्रों के अनुसार इस पर काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है, जिस पर कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा सवाल खड़ा किया गया है।

### सीट बेचने का षड्यंत्र

प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा है कि सत्ता के संरक्षण में छत्तीसगढ़ में शिक्षा माफिया सक्रिय है। निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए पात्रता जो उच्च न्यायालय बिलासपुर और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा तय किया गया, उसका पालन नहीं किया जा रहा है। अप्रवासी भारतीय कोटे में भर्ती प्रक्रिया के संदर्भ में छत्तीसगढ़ चिकित्सा शिक्षा विभाग के 13 अक्टूबर 2024 के पत्र के द्वारा उक्त संदर्भ में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। महाधिवक्ता कार्यालय से भी अभिमत भेजा गया था, लेकिन फर्जीवाड़ा बंद नहीं हुआ, इस वर्ष फिर वही खेल चालू है। सरकार की मंशा पात्र अभ्यर्थियों को लाभ देने के बजाय गलत तरीके से मेडिकल की सीट बेचने की है।

## बैज बोले- 3100 का धान 2000 में बिकेगा, यही है डबल इंजन सरकार की हकीकत

हरिभूमि न्यूज रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में 3100 रुपए क्विंटल में खरीदा गया धान 2000 रुपए क्विंटल में नीलाम करना पड़ेगा। डबल इंजन की सरकार की हकीकत सामने आ रही है। केंद्र सरकार राज्य का पूरा चावल नहीं खरीद रही है। राज्य सरकार को किसानों से खरीदे धान को खुले बाजार में बेचना पड़ रहा है।

- मुख्यमंत्री या खाद्यमंत्री ने केन्द्र से चावल का कोटा बढ़ाने का अनुरोध ही नहीं किया

श्री बैज ने कहा, इस वर्ष राज्य सरकार ने 154 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की है। केंद्र की मोदी सरकार पूरे 154 लाख मीट्रिक टन से बनाए गए चावल को सेंट्रल पुल में नहीं खरीद रही है। अब धान का खुले बाजार में 2000 से 2100 रुपए प्रति क्विंटल का रेट आ रहा, जिससे राज्य के खजाने का 6000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान होगा। यह है भाजपा के डबल इंजन की सरकार का नुकसान। श्री बैज ने कहा, भाजपा डबल इंजन की सरकार का दंभ भरती है यदि राज्य सरकार के द्वारा कुल उपार्जित धान के द्वारा बने चावल को केंद्र सरकार सेंट्रल पुल में नहीं खरीद रही है। भाजपा की सरकार होने के बावजूद मुख्यमंत्री और राज्य के मंत्री, भाजपा के सांसद कोई भी छत्तीसगढ़ के चावल के कोटे को बढ़ाने का एक बार भी आग्रह मोदी सरकार से करने का साहस नहीं दिखा पा रहे हैं।

### आयुक्त ने कहा- ज्यादा समस्या वाले वार्ड में ही यह व्यवस्था

## मेयर ने कहा-अंतिम विकल्प होना चाहिए बिजली बंद का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में गर्मी के सीजन में पानी की समस्या से निपटने के लिए निगम प्रशासन ने सुबह और शाम को नल कनेक्शन से पानी की आपूर्ति के दौरान आधे घंटे के लिए बिजली बंद करने का आदेश जारी किया है। इस आदेश के बाद शहर के कई वार्डों में दोनों टाइम बिजली बंद भी की जा रही हैं, ताकि कोई भी निगम के नल कनेक्शन से टुल्लू पंप के माध्यम से पानी खींच नहीं सके। निगम के इस आदेश पर महापौर मनील चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़ से लेकर कई पार्षदों ने आपत्ति भी जताई है। महापौर का कहना है कि पानी की समस्या का निराकरण करने के लिए भरपूर पानी की व्यवस्था करना, टुल्लू पंप जब्ती बनाना जैसे कई विकल्प हैं। इन विकल्पों का उपयोग ही नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि बिजली बंद अंतिम विकल्प होना चाहिए। इधर निगम कमिश्नर विश्वदीप ने कहा कि बिजली बंद का आदेश पूरे शहर के लिए नहीं है, बल्कि उन वार्डों के लिए है जहां पानी की समस्या ज्यादा गंभीर है। उनका कहना है कि अगर आधे घंटे की बिजली बंद होने से वार्ड के सभी घरों को पर्याप्त पानी मिलता है, तो यह अच्छी बात है। जल जीवन मिशन, अमृत मिशन जैसी योजनाओं के तहत जहां घर-घर में 24 घंटे पानी पहुंचाने की दिशा में भारत सरकार कार्य कर रही है, वहीं दूसरी ओर गर्मी के दिनों में ही शहर के कई वार्डों में पानी की समस्या गंभीर बनी हुई है।



### कांग्रेस शासन काल में जो काम हुए उसे दोहराया जा रहा

महापौर मनील चौबे ने कहा कि गर्मी के दिनों में हर साल शहर के कई वार्डों में पानी की समस्या होती है। कई वार्ड ऐसे भी हैं, जहां यह समस्या गंभीर रहती है। पिछले पांच साल में कांग्रेस शासन काल में भी निगम प्रशासन ने गर्मी के दिनों में पानी की समस्या दूर करने के लिए बिजली बंद करने की व्यवस्था की थी। यह व्यवस्था अंतिम विकल्प होना चाहिए। सबसे पहली व्यवस्था तो समस्त वार्डों में पानी की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति करने की होनी चाहिए। इस दिशा में ही निगम प्रशासन को कदम उठाना चाहिए, लेकिन हम कांग्रेस शासन में की गई गलती को फिर दोहरा रहे हैं जो गलत है।

### स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट पर भ्रष्टाचार के कारण बनी हुई पानी की समस्या

सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस शासन काल में नगर निगम में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, अमृत मिशन योजना के तहत जो कार्य होने थे, अब तक पूर्ण नहीं हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि बिजली बंद करने की व्यवस्था की जरूरत ही नहीं पड़नी चाहिए। पर्याप्त फंड आने के बाद भी प्रोजेक्ट अधूरे पड़े हुए हैं, जिसके कारण पानी की समस्या अभी भी शहर में बनी हुई है।

## बिजनेस साइट

### कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अक्षत जैन ने 'लाइफ सेविंग इंटरवेंशन्स' से दिखाई चिकित्सा उत्कृष्टता की मिसाल



**रायपुर।** हृदयरोग विज्ञान के क्षेत्र में रायपुर के वी-वाय अस्पताल के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अक्षत जैन ने हाल ही में 'लाइफ सेविंग इंटरवेंशन्स' की एक विशेष सीरीज के माध्यम से दिखाया कि क्लीनिकल निर्णयों और मानवीय संवेदनाओं का संतुलन कैसे आधुनिक चिकित्सा को नई ऊंचाईयां देता है। डॉ. जैन ने कार्डियक इमरजेंसी की जटिल परिस्थितियों में किए गए हाई-स्टेक एंजियोप्लास्टी, ड्रग-एल्यूटिंग बैलून के उपयोग और मरीजों को सीएबीजी के लिए रेफर करने जैसे निर्णयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि चिकित्सा केवल तकनीक तक सीमित नहीं, बल्कि मरीज की जरूरत को समझकर लिया गया हर निर्णय जीवन को नया अर्थ देता है।

### पैरों में दर्द, सूजन और घाव का डॉ. प्रशांत पोटे कर रहे आधुनिक तकनीक से इलाज

**रायपुर।** आजकल शहरों और ग्रामीण इलाकों में लोगों को पैरों में दर्द, सूजन और घाव जैसी समस्याएं तेजी से घेर रही हैं। इन समस्याओं में वैरिकोज वेन्स और लेग अल्सर दो ऐसी स्थितियां हैं, जो समय पर इलाज न मिलने पर गंभीर रूप ले सकती हैं। वैरिकोज वेन्स एक ऐसी स्थिति है, जिसमें पैरों की नसें फूल जाती हैं। वहीं लेग अल्सर त्वचा पर बना ऐसा घाव होता है, जो लंबे समय तक नहीं भरता। दोनों ही समस्याएं रक्त प्रवाह में रुकावट के कारण होती हैं। रायपुर के वरिष्ठ वैस्कुलर इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. प्रशांत पोटे इस क्षेत्र में विशेषज्ञ माने जाते हैं। वे आधुनिक लेजर तकनीक और अन्य इंटरवेंशनल विधियों से इन बीमारियों का सफल इलाज कर रहे हैं।

### सीजीपीएससी के आरोपी के जमानत आवेदन पर आज सुनवाई

## डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाने अगले सप्ताह सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला में आरोपी बनाए गए अनवर ढेबर, पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा सहित अन्य ने ईओडब्लू की स्पेशल कोर्ट में डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाने आवेदन लगाया है, जिस पर नौ मई को सुनवाई होगी। एक अन्य मामले में सीजीपीएससी घोटाला मामले में जेल में बंद नितेश सोनवानी के जमानत आवेदन पर शनिवार को सीबीआई की विशेष कोर्ट में सुनवाई होगी।

शराब घोटाला मामले में अनवर ढेबर तथा अन्य ने वेलकम डिस्टलरी, भाटिया वाइन मर्चेंट, छत्तीसगढ़ डिस्टलरी, मैसर्स नेक्स्ट जेनरेशन, दिशिता वेंचर्स, ओम साईं ब्रेवरेज, सिद्धार्थ सिंघानिया और मैसर्स टाप सिक्योरिटी डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाए जाने आवेदन लगाया है। ईओडब्लू की स्पेशल कोर्ट के जज के अवकाश पर होने की वजह से सुनवाई की तिथि आगे बढ़ाई गई है।



### सफलता को आधार बनाकर आवेदन

सीजीपीएसपी परीक्षा घोटाले के आरोप में जेल में बंद नितेश सोनवानी ने कोर्ट में अपने वकील के माध्यम से जमानत आवेदन लगाया है। जमानत आवेदन लगाते हुए नितेश ने तर्क देते हुए बताया है कि वह कई बार पीएससी परीक्षा में शामिल हो चुका है और इसमें उसे सफलता मिली है। सीजीपीएससी परीक्षा घोटाला मामले में अपनी किसी भी प्रकार की संलिप्तता होने की बात से इनकार करते हुए उसे झूठे प्रकरण में फंसाए जाने का आरोप लगाया है। नितेश सीजीपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष टामनसिंह सोनवानी का भतीजा है।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 3 मई 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



तीन बाल पुजारियों ने शोलापुरी ...

## लाइव इवेंट

## आईजीकेवी में 6 जून से शुरू होगा आम महोत्सव



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में हर साल की तरह ही राष्ट्रीय आम महोत्सव का आयोजन होने वाला है। इससे पहले शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल एवं कुलाधिपति रामेन डेका से विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने राजभवन में उनसे सौजन्य मुलाकात कर हुए उन्हें 6 से 8 जून तक होने वाले राष्ट्रीय आम महोत्सव के शुभारंभ समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का न्योता दिया। राज्यपाल से मुलाकात के दौरान डॉ. चंदेल ने उन्हें आईजीकेवी द्वारा संचालित शिक्षण, अनुसंधान व विस्तार गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी। बताया कि विश्वविद्यालय को देश के सर्वश्रेष्ठ धान अनुसंधान केंद्र के रूप में सम्मानित किया गया है। आईजीकेवी अंतर्राष्ट्रीय शिक्षण संस्थानों के साथ समझौता करके वैश्विक स्तर पर छात्र विनिमय कार्यक्रम भी संचालित कर रहा और अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं।

### ब्लैक राइस को बढ़ावा देने पर जोर

राज्यपाल श्री डेका ने डॉ. चंदेल को कृषि विश्वविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ धान अनुसंधान केंद्र का सम्मान मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने डॉ. चंदेल से ब्लैक राइस की खेती के लिए किए जा रहे अनुसंधान कार्यों की जानकारी ली। श्री डेका ने छत्तीसगढ़ में ब्लैक राइस के उत्पादन को बढ़ावा देने एवं इसकी खेती करने वाले किसानों को तकनीकी सहयोग भी उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही राज्य के किसानों के हित में संचालित गतिविधियों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। विश्वविद्यालय द्वारा राज्य के किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए किए जा रहे कार्यों को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

## 4 मई को नीट यूजी की परीक्षा, एक्सपर्ट की सलाह- 164 नंबर का रखें टार्गेट

# नीट से एक दिन पहले टटोलें अपनी कमजोरी नया न पढ़ें, मॉक टेस्ट से नापें तैयारी का स्तर

सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए नीट यूजी परीक्षा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है, अब केवल एक दिन ही शेष बचा है। ऐसे में एग्जाम की तैयारी करने वाले छात्र 4 मई रविवार को निश्चित एग्जाम सेंटर पहुचेंगे। इस वर्ष देश के 23 लाख छात्र एक साथ परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं। इसकी तैयारी एक साल पहले ही शुरू हो गई थी, लेकिन एग्जाम के नजदीक आते ही तनाव भी बढ़ता जाता है।


**रायपुर।** छात्रों के लिए परीक्षा हॉल में एकांत मन से प्रश्नों को हल करना सबसे बड़ी चुनौती होती है। परीक्षा के दौरान सावधानी और एग्जाम टिप्स के लिए हरिभूमि टीम ने प्राध्यापकों से चर्चा की। विशेषज्ञों के अनुसार नीट यूजी परीक्षा में पास होने के लिए, संभवतः सामान्य श्रेणी के छात्रों के 720 में से लगभग 162 या 164 अंक होने चाहिए। वहीं आरक्षित श्रेणी के छात्र ( एससी/एसटी/ओबीसी) के लिए 163 से 129 के बीच अंक होने चाहिए। जानकारी के अनुसार, पिछले साल का कटऑफ 720-162 था, जबकि आरक्षित श्रेणी के लिए 161-127 था।

### एएसएम में प्रवेश के लिए निर्धारित स्कोर

विशेषज्ञों से मिली जानकारी के अनुसार, एएसएम में प्रवेश के लिए नीट यूजी में सभी विषयों में न्यूनतम पासिंग मार्क्स होना आवश्यक है। इस वर्ष लगभग सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों को 50वां पर्सेंटाइल स्कोर (लगभग 134-162 अंक) और आरक्षित श्रेणियों (ओबीसी/एससी/एसटी) के लिए 40वां पर्सेंटाइल स्कोर (लगभग 107-136 अंक) होना चाहिए , जिसके बाद ही मेडिकल कॉलेज में दाखिला संभव है।

### भौतिकी विषय के शॉट नोट्स में न्यूमैरिकल प्रश्न पढ़ें

परीक्षा से एक दिन पहले कुछ नया पढ़ने से बेहतर शॉर्ट नोट्स की तैयारी होती है। भौतिकी विषय में न्यूमैरिकल, मोशन, इलेक्ट्रिसिटी, मॉडर्न फिजिक्स और मैग्नेटिज्म अध्याय के प्रश्नों की तैयारी अधिक करें। भौतिकी और रसायन में कुल 45 प्रश्न होते हैं और प्रत्येक प्रश्न के पीछे 4 अंक दिए जाएंगे। वहीं जीव विज्ञान में 90 प्रश्न पूछे जाते हैं।



### जरूरी दस्तावेज

परीक्षार्थी ओरिजिनल आईडी जैसे आधारकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, 12वीं क्लास का प्रवेशपत्र में किसी एक असली दस्तावेज को अपने पास रखें। परीक्षा के दौरान पेन सेंटर में ही दिया जाएगा। दिव्यांग प्रतिभागी अपना प्रमाणपत्र साथ रखें।

### बायोलॉजी, केमिस्ट्री फिजिक्स प्रश्नों को क्रम में हल करें

परीक्षा से एक दिन पहले विद्यार्थी अधिक तनाव में पढ़ाई करने से बचें, साथ ही एनसीईआरटी की किताबों को प्राथमिकता दें। सचदेवा कॉलेज से मोती जैन ने बताया कि एग्जाम हॉल में सबसे पहले बायोलॉजी, दूसरा केमिस्ट्री और तीसरा फिजिक्स के प्रश्नों को हल करें, यह क्रम सरल से कठिन प्रश्नों का है। पहले सरल प्रश्नों को हल करने से समय प्रबंधन सही होता है।

### परीक्षा से 2-3 घंटे पहले सेंटर पहुंचे

नीट यूजी की परीक्षा सरल है, जिसमें फॉर्मूला बेस्ड प्रश्नों को पूछा जाता है। एसवी एजूकेशन से डॉ. सुनील मल्ल ने बताया कि परीक्षा को लेकर अधिक तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है, परीक्षा से एक दिन पहले जरूरी दस्तावेज, ड्रेस कोड की तैयारी रखें। छात्र परीक्षा सेंटर 2-3 घंटे पहले पहुंचें। हर साल प्रवेशपत्र के कारण हजारों छात्र मुश्किल में पड़ जाते हैं। परीक्षा सेंटर में ओरिजनल प्रवेशपत्र लेकर जाएं और रंगीन फॉटोकॉपी जरूर रखें।


### उत्तरपुस्तिका भरने की प्रक्रिया

अपना रोल नंबर लिखें, पेपर कोड लिखें, क्वेश्चन पेपर बुकलेट नंबर लिखें, व्यक्तिगत विवरण लिखें, ओवल भरते समय साफ-सफाई का ध्यान रखें, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की गाइडलाइन के अनुसार लिखें।




### मॉक टेस्ट की गलतियों को समझें

ऐलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से नितिन ने बताया कि एक दिन में कुछ नया अध्याय न पढ़ें, कम समय में केवल शॉर्ट नोट्स या पिछले साल के प्रश्नपत्र हल करें। सभी छात्र अपने मॉक टेस्ट की गलतियों को समझें और परीक्षा में यह गलती करने से बचें। परीक्षा से एक दिन पहले प्रवेश परीक्षा से संबंधित सभी तैयारी करें, हर साल छात्रों की छोटी-छोटी गलतियों के कारण प्रवेश में समस्या होती है। इससे बचने समय से पहले परीक्षा सेंटर पहुंचें और एक पासपोर्ट साइज फोटो जरूर रखें।



### जीव विज्ञान के जरूरी टॉपिक्स

छात्रों के लिए एनसीईआरटी किताबें सबसे बड़ी ताकत है, नीट यूजी परीक्षा में जीवविज्ञान सबसे सरल विषयों में माना जाता है। इसमें जेनेटिक्स, ह्यूमन फिजियोलॉजी और प्लांट फिजियोलॉजी महत्वपूर्ण टॉपिक्स हैं। ऐलन से नितिन मुद्गल ने बताया कि जीवविज्ञान विषय में हार्ट, किडनी, न्यूरॉन जरूरी डायग्राम में शामिल है। परीक्षा से पहले फ्लैशकार्ड की तैयारी करें, जिसमें परिभाषा, उदाहरण और फंक्शन याद करते चलें।

### जानें ऑर्गेनिक और इन ऑर्गेनिक केमिस्ट्री में क्या पढ़ें

नीट यूजी में ऑर्गेनिक और इनऑर्गेनिक केमिस्ट्री पढ़ा जाता है, ऑर्गेनिक केमिस्ट्री में रिएक्शन मैकेनिज्म, आईयूपीएसी और कन्वर्सेशन जरूरी अध्याय है। वही इनऑर्गेनिक केमिस्ट्री में पीरियोडिक टेबल ट्रेंड और कलर रिएक्शन महत्वपूर्ण है। साथ ही फिजिकल केमिस्ट्री में न्यूमेरिकल प्रश्नों की प्रैक्टिस करते चलें, जिसमें केमिकल इक्विलिब्रियम, थर्मोडायनामिक्स और केमिकल काइनेटिक्स जरूरी टॉपिक्स हैं।

## एनआईटी में बनेगा रोबोटिक्स और ऑटोमेशन का सेंटर, जन्यु टेक्नालॉजी से हुआ करार

**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान और जन्यु टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने रोबोटिक्स और ऑटोमेशन के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने समझौता ज्ञापन तैयार किया है, इसमें रोबोटिक्स, औद्योगिक स्वचालन व कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रणनीतिक साझेदारी तैयार की गई है। एमओयू के दौरान एनआईटी के निदेशक प्रो. एनवी रमना राव और जन्यू टेक्नोलॉजीज से प्रबंध निदेशक अभिमन्यु राजा मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने दस्तावेज हस्ताक्षरित किए।



### एनआईटी और जन्यु टेक्नोलॉजीज के बीच समझौता

इस सेंटर को अत्याधुनिक रोबोटिक सिस्टम और एआई-संचालित अनुप्रयोगों के विकास के लिए एक सहयोगी केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इस पहल से छत्तीसगढ़ राज्य में रोबोटिक्स और ऑटोमेशन के क्षेत्र में कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा, साझेदारी उद्योग-एकीकृत शिक्षा और अनुप्रयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। इसमें जन्यु टेक्नोलॉजीज को भविष्य के इंजीनियरों को कुशल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका दी जा रही। इस एमओयू से रोजगार में वृद्धि, औद्योगिक नवाचार, वैश्विक रोबोटिक्स और ऑटोमेशन परिदृश्य को बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग से प्रो. श्रीश वर्मा, डीन प्रो. एस. सान्याल, प्रो. समीर बाजपेयी, प्रो. जीडी रामटेककर, प्रो. एस. गुप्ता, रजिस्ट्रार प्रो. एनडी लोंढे उपस्थित रहे।

## बाल व्यक्तित्व विकास शिविर में नैतिक और आध्यात्मिक गुणों का विकास

**रायपुर।** ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा चौबे कॉलोनी स्थित भवन में 'बाल व्यक्तित्व विकास शिविर' का आयोजन किया गया। दस दिवसीय शिविर में 8वीं-11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में संस्थान के प्रमुख सदस्यों का व्याख्यान सत्र आयोजित किया गया, जिन्होंने बताया कि समर कैंप बच्चों के लिए मनोरंजन और रोमांच से भरपूर रहेगा। इसमें फैंसी ड्रेस, सामान्य ज्ञान, निबंध, पेंटिंग, त्वरित वक्तव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है, जिसमें सभी वर्ग के प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे।



### दस दिवसीय निशुल्क शिविर का आयोजन

संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बताया कि समर कैंप में बच्चों के कौशल विकास एवं बाल संस्कार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्हें नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों की शिक्षा दी जाएगी। उद्घाटन समारोह में राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि समर कैंप अपनी प्रतिभा को पहचानने का अवसर देता है। कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों में नैतिक एवं आध्यात्मिक गुणों का समावेश कर उनके व्यक्तित्व का विकास करना है। जहां बच्चों को शुरुआत से ही माता-पिता व बड़ों का आदर सम्मान करना सिखाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान 50 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सिटी इवेंट

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेंगे छग के 12 मलखंब खिलाड़ी



**रायपुर।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 बिहार के बोधगया में 4 से 15 मई तक आयोजित है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 12 मलखंब खिलाड़ी शामिल होंगे। इन खिलाड़ियों में नारायणपुर जिले के 9 मलखंब खिलाड़ी शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी अबूझमाड़ मलखंब और स्पोर्ट्स अकादमी से जुड़े हैं। मलखंब की प्रतियोगिताएं 5 से 9 मई तक आयोजित होंगी। खेल और युवा कल्याण अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, चयनित मलखंब खिलाड़ियों में 5 बालक और 4 बालिकाएं शामिल हैं। नारायणपुर जिले के चयनित खिलाड़ियों में ग्राम ओरछा की सरिता पोयाम, ग्राम मातला की मोनिका पोटाई, ग्राम कुंदला की दुर्गेश्वरी कुमेटी, ग्राम न्यानार की अनिता गोटा, ग्राम कुतुल के राकेश कुमार वढ़दा, ग्राम आसनार के मानू ध्रुव, ग्राम आसनार के राजेश कोर्राम, ग्राम पोकानार के मंगडू पोडियाम और ग्राम चिंगनार के मोनू नेताम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 2 मई को खिलाड़ियों और कोच मनोज प्रसाद, महिला कोच पूनम प्रसाद और मैनेजर सौरव पाल खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हिस्सा लेने बिहार रवाना हुए।

## संत ज्ञानेश्वर स्कूल में आज से रिंग फाइट कैंप

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में शनिवार 3 मई को सुबह 7 बजे से रिंग फाइट कैंप शुरू हो रहा है। इसमें कई राष्ट्रीय खेलों में पदक जीत चुके महाराष्ट्र मंडल की उपाध्यक्ष व क्रीड़ा समिति की समन्वयक गीता दलाल, सहसचिव मालती मिश्रा, प्रवीण क्षीरसागर, ओपी



कटारिया, वार्तिका शिवसागर जैसे अनेक दिग्गज खिलाड़ी कैंप में प्रतिभागियों को रिंग फाइट की बारीकियां सिखाकर प्रशिक्षण भी देंगे। छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन के अध्यक्ष चेतन दंडवते ने बताया कि 12 वर्ष से अधिक आयु के अनेक किशोर-किशोरियां शिविर में शामिल होंगे। अभी भी किसी को यह लगता है कि उसे रिंग फाइट में अपना भविष्य बनाना है तो उसके लिए प्रॉपर ट्रेनिंग संत ज्ञानेश्वर स्कूल प्रांगण में सुबह 7 बजे कैंप में शामिल हो सकते हैं।

### अन्य देशों की टीमें होंगी शामिल

महाराष्ट्र मंडल की उपाध्यक्ष व खेल समिति की समन्वयक गीता दलाल के अनुसार, कैंप में जो खिलाड़ी ट्रेनिंग लेंगे, उनमें से कैंप के समापन पर प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चयनित कर छत्तीसगढ़ की टीम बनाई जाएगी। यह टीम प्रथम अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। इस प्रतियोगिता में बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, इराक और भारत जैसे देशों की टीमें शामिल होंगी। गीता के अनुसार, यह अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता हैदराबाद में 23 से 26 मई तक आयोजित की जा रही है।

## विजुअलाइजिंग मैथमेटिक्स कार्यशाला में छात्रों ने सीखे गणित के सूत्र

# पेपर कटिंग और मोती से बना गणित मजेदार, बच्चों ने क्रिएटिव मॉडल से समझा पाइथागोरस का नियम

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** गणित को केवल किताबों तक सीमित न रखकर उसे देखने, समझने और महसूस करने का अवसर देने वाली तीन दिवसीय कार्यशाला विजुअलाइजिंग मैथमेटिक्स का आयोजन किया गया। इस अनोखी कार्यशाला में लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया और गणित को रचनात्मक दृष्टिकोण से समझने की नई दिशा पाई। कार्यशाला का नेतृत्व आईआईटी भिलाई के डॉ. महबूब आलम और उनकी टीम ने किया। पहले दिन की शुरुआत ज्यामिति और त्रिकोणमिति से जुड़ी गतिविधियों के साथ हुई, जिसमें छात्रों ने पेपर कटिंग और छोटे ज्यामितीय मॉडल बनाकर कठिन अवधारणाओं को आसानी से सीखा।

प्रतिभागियों ने त्रिभुज और चतुर्भुज के कोणों को मापते हुए देखा कि त्रिभुज के आंतरिक कोणों का योग 180 डिग्री और चतुर्भुज का 360 डिग्री होता है। इस दौरान बहुभुजों के कोणों की गणना, समानांतर रेखाओं पर बनने वाले कोणों के बीच संबंध, मैजिक स्क्वायर और मैजिक सर्कल की गतिविधियां व कैलेंडर और गणित के बीच संबंध को भी व्यावहारिक रूप से समझाया गया।




### गणित का नियम मोतियों से समझा

सबसे आकर्षक गतिविधि रही पाइथागोरस प्रमेय को रंगबिरंगे वर्गों और मोतियों से समझाना, जिसे छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ दोहराया। इस तरह के व्यावहारिक अभ्यासों ने विद्यार्थियों को गणित से जुड़ाव और आनंद की अनुभूति कराई। कार्यशाला की इन अभिनव शिक्षण विधियों को प्रतिभागियों, शिक्षकों और स्कूल प्रतिनिधियों ने बेहद सराहा।

### क्विज में दिखा बच्चों का उत्साह

कार्यशाला के विशेष आकर्षणों में क्विज प्रतियोगिता और टीम-आधारित गतिविधियां रहीं, जिनमें विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। सवालों और पहेलियों के माध्यम से गणित को खेल का रूप दिया गया, जिससे बच्चों को तर्क करने, सोचने और उत्तर खोजने में मजा आया। छात्रों ने मिलकर समूहों में काम किया, जिससे न केवल उनकी गणितीय समझ बेहतर हुई, बल्कि सहयोग, नेतृत्व और संवाद जैसे जीवन-कौशल भी विकसित हुए। कार्यक्रम में रायपुर, अंबिकापुर, खरोरा सहित आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।



आराधना

# भक्तों की नाव डूबने नहीं देतीं मां भगवती, बनते हैं सभी बिगड़े काम





**रायपुर।** टाटीबंध में जारी श्रीमद देवी भागवत पुराण की श्रृंखला में भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला ने गंगा अवतरण, दुर्वासा ऋषि का इंद्र को श्राप, समुद्र मंथन की कथा सुनाई। महाराज ने शुक्रवार को बताया कि देवी की कृपा से सब बिगड़े काम बन जाते हैं। भक्तों की नाव को मां भगवती डूबने नहीं देतीं और सबको मनचाहा आशीर्वाद देती हैं। गंगा अवतरण प्रसंग में बताया कि राजा भागीरथ ने पितरों को मोक्ष दिलाने के लिए कठोर तप किया। उनके तप से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें वरदान दिया। ब्रह्माजी ने गंगा को अपने कमंडल से निकाला और शिवजी को दिया। शिवजी ने गंगा को अपनी जटाओं में धारण कर लिया, फिर शिवजी ने धीरे-धीरे गंगा मैया को जटाओं से धरती पर उतारा। गंगा का वेग इतना प्रचंड था कि धरती पर आने पर कई जगहों पर भारी तबाही मचती है।

### शिवजी की जटाओं में विचरण करती रहीं

यह घटना गंगा दशहरा के दिन हुई थी, जिसे हर साल मनाते हैं। इस कथा से पता चलता है कि गंगा नदी का धरती पर आगमन एक चमत्कार था। यह राजा भागीरथ के तप व भगवान शिव की कृपा का परिणाम था। लगभग 32 दिनों तक गंगा शिव की जटाओं में ही विचरण करती रही। फिर ज्येष्ठ महीने के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के दिन महादेव ने अपनी एक जटा खोली व गंगा का धरती पर अवतरण हुआ। भागीरथ ने हिमालय के दुर्गम पहाड़ों के बीच रास्ता बनाया। देवी गंगा सब पापों को तारने वाली नदी के रूप में विख्यात हैं। राजा जनमेजय द्वारा अंबा यज्ञ, देवी मां भागवत की कथा को भी महाराज ने सुनाया।





# तीन बाल पुजारियों ने शोलापुरी माता के स्वरूप को सिर पर किया धारण, स्वागत में शोभायात्रा

## डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित पूजा पंडाल में सजा आसन, स्थापना से पहले अगवाई में छलका उत्साह



'डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में शुक्रवार की शाम उत्सव का माहौल बना। यहां हर साल की तरह शोलापुरी माता पूजा उत्सव का आयोजन 2 से 11 मई तक पारंपरिक तरीके से किया जा रहा है। शाम 6 बजे से केंद्रीय विद्यालय के पास स्थित माता के मंदिर में दंडकम पूजा के बाद बाल पुजारियों ने ढाका बजाया। इसके बाद माता के स्वरूप को सिर पर धारण कर निकले। इनके पीछे-पीछे भक्तों का सैलाब जयघोष करते हुए आगे बढ़ा। स्वागत में निकाली गई शोभायात्रा में गीत-संगीत से क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना।'





**रायपुर।** श्रीश्रीश्री शोलापुरी माता पूजा उत्सव समिति के अध्यक्ष बी. श्रीनिवास राव, सचिव एम. वेंकट रमना, कोषाध्यक्ष एल. वेंकटेश्वर राव के मार्गदर्शन में उत्सव का आगाज माता के मंदिर में पूजा-अर्चना से किया गया। शाम को मंदिर में तीन दंडकम पूजा के तुरंत बाद ढाका बजाते हुए तीन बाल पुजारियों में से एक माता के स्वरूप को सिर पर धारण करने के बाद आगे-आगे निकले। समिति के सलाहकार डी. गोविंद राव ने बताया कि पंडाल में मुख्य पुजारी मोहन राव के साथ तीन बाल पुजारी माता की नौ दिनों तक सेवा करेंगे। इनके द्वारा ही माता के स्वरूप को सिर पर धारण करके पूजा पंडाल तक लाने की हर साल परंपरा निभाई जाती है। शोभायात्रा में डीजे, ढोल, ताशा की धुन पर उत्साह से आगे बढ़ते हुए लोगों ने आतिशबाजी करते हुए क्षेत्र का भ्रमण किया।

### जगह-जगह महिलाओं ने की अगवाई

शोभायात्रा में पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ रोड लाइट, रथ आकर्षण के केंद्र रहा। माता की भव्य झांकी के साथ लोग अलग-अलग गेटअप में नृत्य करते हुए निकले। श्रद्धालु डब्ल्यूआरएस कॉलोनी क्षेत्र का भ्रमण करते हुए नाचते-गाते उत्साह से माता की शोभायात्रा के साथ आगे बढ़े। इस बीच जगह-जगह हल्दी पानी और नीम पत्ती से स्वागत किया। महिलाओं ने बाल पुजारी के पैरों नीम पत्ती से कलश में भरे हुए पानी छींटते हुए स्वागत किया। यह सिलसिला जिस क्षेत्र से भी शोभायात्रा निकली, उस क्षेत्र में देखने को मिला।

### इन मार्गों से होकर निकली शोभायात्रा

आयोजन समिति के लोगों द्वारा तय रूट के मुताबिक बालाजी चौक, सुदामा चौक, आरबीएच कॉलोनी से होते हुए डब्ल्यूआरएस कॉलोनी मार्केट से इंदिरा नगर, डीजल शेड, प्रेमनगर का भ्रमण किया। इस बीच में माता के स्वरूप को धारण करने वाले बाल पुजारियों ने एक-एक करके दायित्वों का निर्वहन भी किया। आरपीएफ बैरक, जीपी रोड से होते हुए देर रात शोभायात्रा पूजा पंडाल पहुंचने पर मुख्य पुजारी के मार्गदर्शन में माता की पूजा की गई। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने आरती में शामिल होकर जयघोष किया।


### हर दिन अलग रूप में दर्शन देंगी माता

आयोजकों ने बताया कि पंडाल में हर शाम होने वाली आरती के दौरान माता अपने भक्तों को अलग रूप में दर्शन देंगी। इसमें हजारों की तादाद में लोग शामिल होते हैं। इसे देखते हुए आसपास पूजा उत्सव का हिस्सा बनने के लिए आने वाले लोगों को मेले का लुत्फ उठाने का अवसर मिलने वाला है। बच्चों के लिए झूले और बड़ों को खानपान का सुविधा देने के लिए स्टाल भी सजेंगे। इसके लिए अलग-अलग लोगों को दायित्व दिया गया है।

सिटी लाइव

# संस्कारों का बीज बोने बच्चों के लिए शुरू की ऑनलाइन क्लास

**रायपुर।** बच्चों में संस्कारों का बीज बोने के लिए महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति ने एक महीने चलने वाले ऑनलाइन बाल संस्कार शिविर की शुरुआत की है। इसमें शामिल होने के लिए बच्चों में उत्साह की लहर है। शुक्रवार को पहले दिन प्रतिभागी बच्चों ने परिचय देते हुए पद्मासन की स्थिति में बैठकर ऊँ का जाप किया। शिविर के पहले दिन बच्चों को हिंदी कैलेंडर के 12 महीनों के नाम बताए गए। इसी तरह हिंदू कैलेंडर के महीने में दो पक्ष पूर्णिमा और अमावस्या, सप्ताह के सात वार जैसी कई जानकारियां दी गईं। योग और आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले ने बताया कि शिविर को संचालित कर रहे गुरुजनों में मंजूषा मरकले, डॉ. दिपाली अमीन, डॉ. अलकनंदा नारद, डॉ. मंजूषा वैशंपायन व चारुशीला देव बच्चों को अपने-अपने ग्रुप में पहले से तय विषयों पर चर्चा करते हुए अभ्यास करा रही हैं।



### क्लास से जुड़े चार राज्यों के बच्चे

आस्था ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय सहित कई स्कूलों में अभी भी किसी न किसी रूप में क्लासेस जारी हैं, इसलिए फिलहाल कुछ बच्चे ऑनलाइन संस्कार शिविर में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। उनके शिविर में शामिल होने के बाद बच्चों की संख्या और अधिक होगी। बाल संस्कार शिविर को ऑनलाइन लगाने का सबसे बड़ा लाभ यह हो रहा है कि छत्तीसगढ़ समेत चार राज्यों मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के भी बच्चों को इसमें शामिल होने का अवसर मिल रहा है।

### आशीर्वाद लेना सुखद अहसास

पहले दिन बच्चों को चारों वेदों और 18 पुराणों के बारे में बताया गया। आस्था ने बताया कि ऑनलाइन शिविर में शामिल होने के लिए जो अनुशासन और संस्कार निर्धारित किए थे, बच्चे उनका अनुसरण कर रहे हैं। उसके बाद ही वे शिविर में शामिल हो रहे हैं। स्कूल बंद होने के बाद बच्चों को सुबह स्नान करने के बाद भगवान के सामने दीया-बाती करते देखना और घर के वरिष्ठजनों के चरण स्पर्श करना और आशीर्वाद लेना भी सुखद अहसास कराता है।

# तनावमुक्त जीवन की पहली सीढ़ी दूसरों को नहीं पहले खुद को समझो

## न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान मंदिर में विशेष पारिवारिक प्रवचन श्रृंखला

**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान मंदिर में विशेष पारिवारिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन किया गया है। इसी कड़ी में उपाध्याय भगवंत महेंद्र सागरजी, उपाध्याय भगवंत मनीष सागरजी, एवं साध्वीश्री हंस कीर्ति आदि ठाणा-3 का शुक्रवार को मंगल प्रवेश हुआ। श्री मेघराज बेगानी धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मराज बेगानी ने बताया कि गुरु भगवंतों का मंगल प्रवेश शुक्रवार प्रातः 7 बजे टैगोर नगर स्थित पटवा भवन से शुरू होकर वर्धमान नगर स्थित महावीर स्वामी जिनालय के लिए निकला। न्यू राजेंद्र नगर स्थित महावीर स्वामी जिनालय में मंगल प्रवेश के बाद संबोधित करते हुए उपाध्यायश्री महेंद्र सागर महाराज साहब ने कहा कि यह प्रवचन माला सिर्फ प्रवचन ही नहीं, एक थेरेपी है। आज लोग ऐसे विकारों से ग्रसित हैं, जो कैंसर और एड्स जैसी बीमारी से भी भयंकर हैं। वह है तनाव। हमारा विषय ही तनावमुक्त जीवन की ओर एक संस्कारित पहल है। अगर मैं आप लोगों से पूछूं कि संसार की सबसे प्यारी चीज क्या है तो आप कहेंगे कि परिवार, धन, संपत्ति, लेकिन यह सब एक समय तक के लिए ही प्यारी लगती है और उसके बाद सबसे बढ़कर आता है जीवन।



### प्रसंगों की माला है जीवन

गुरु भगवंत ने बताया कि व्यक्ति कभी धन को सर्वोपरि मानते हुए परिवार से बिगाड़ करता है, कभी पत्नी के लिए धन की चिंता नहीं करता, कभी सम्मान की बात आ जाए तो पत्नी की भी चिंता नहीं करता और जीवन की बात आ जाए तो सम्मान की चिंता छोड़कर डॉक्टर के सामने हाथ जोड़ लेता है, वस्तुतः वह जीवन को सर्वोपरि समझने लगता है। उन्होंने कहा कि जीवन प्रसंगों की माला है, कभी परिवार का प्रसंग, कभी व्यापार का, कभी घर का तो कभी बच्चों का प्रसंग चलता ही रहता है। इन सब प्रसंगों के अंतर्गत छोटे-छोटे अनेक प्रसंग आते हैं और उन प्रसंगों को अभी भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

### दो मोड में काम करता है मन

उन्होंने बताया कि मन दो मोड में काम करता है। पहला विक्षिप्त मोड और दूसरा सुलीन मोड। विक्षिप्त मन यानी डिस्टर्ब मन, जिसमें बहुत-सी तरंगें उठती हैं और सुलीन मन यानी आनंद में लीन, शांत एवं स्थिर। जब कभी व्यक्ति की स्थिति या बिगड़ती है तो एक विकार पैदा होने लगता है, जो है तनाव। यह जीवन की शांति को भंग करता है और हमें इसे दूर करना है। उन्होंने तनाव दूर करने के अभ्यास के बारे में बताते हुए कहा कि किसी की गलती को न देखकर अपनी गलतियां निकालों, यह तनावमुक्त होने का पहला कदम है।

# खो-खो तालाब में श्रीजगन्नाथ की नौका विहार यात्रा आज

रायपुर। धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए कुशालपुर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से एक बार फिर श्री जगन्नाथजी की नौका विहार यात्रा का आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन न केवल धार्मिक उत्साह का केंद्र है, बल्कि पुरानी परंपराओं को पुनर्जीवित करने का एक सार्थक प्रयास भी है। मान्यता है कि द्वापर युग में जब भगवान श्रीकृष्ण बालरूप में लीलाएं करते थे, तब ग्रीष्म ऋतु की तपन से राहत पाने के लिए बैसाख और जेठ मास में जलक्रीड़ा करते थे। लगातार जलविहार के बाद जेठ पूर्णिमा की रात्रि को उन्हें ज्वर होता था और फिर आषाढ़ कृष्ण अमावस्या तक उनका उपचार चलता था। आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को प्रभु स्वस्थ होते हैं और उसी दिन 'नयन-दर्शन' की परंपरा के अनुसार भक्त उनका पुनः दर्शन करते हैं।

### यात्रा में भक्त होंगे शामिल

कलयुग में श्रीजगन्नाथजी पुरी धाम में उसी लीला को दोहराते हैं। अक्षय तृतीया से 21 दिनों तक मदन मोहन रूप में वे चंदन तालाब में नौका विहार करते हैं। जेठ पूर्णिमा को उन्हें 108 कलशों से स्नान कराकर गजवेश श्रृंगार किया जाता है। तत्पश्चात उन्हें गर्भगृह के द्वार पर 15 दिन तक विश्राम के लिए रखा जाता है, जहां उन्हें चंदन सेवा और औषधीय काढ़ा दिया जाता है। सेवा में लगे सेवकों के हाथों में फफोले तक पड़ जाते हैं। इस दौरान 15 दिन प्रभु श्री जगन्नाथजी के दर्शन नहीं होते, मदन मोहन रूप में दर्शन होता है। इस दिव्य परंपरा को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भी कुशालपुर खो-खो तालाब में श्री जगन्नाथजी की नौका विहार यात्रा का आयोजन 3 मई को होगा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष आयोजन के दौरान यह ऐतिहासिक तथ्य सामने आया कि लगभग चालीस वर्ष पूर्व टूरी हटरी से खो-खो तालाब तक इसी प्रकार की यात्रा निकाली जाती थी।

# आदि गुरु शंकराचार्य ने शासन तंत्र के साथ ही वैदिक सिद्धांत स्थापित किया

## रावांभाठा स्थित सुदर्शन संस्थान आश्रम प्रांगण में आयोजन





**रायपुर।** रावांभाठा स्थित सुदर्शन संस्थान आश्रम प्रांगण में विधि-विधान से आदि गुरु शंकराचार्य भगवान के 2532वां प्राकट्य महोत्सव मनाया गया। इस पावन अवसर पर रुद्राभिषेक, आराधना एवं सत्संग का भव्य आयोजन किया। आनंदमय वातावरण में इस पुनीत पर्व को श्रद्धालुओं ने मनाया। इसमें भक्तों को संबोधित करते हुए आचार्य पं. झम्मन शास्त्री ने शंकराचार्य के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए इस आयोजन की महत्ता का बोध कराया। आचार्य ने बताया कि आदि शंकराचार्य का आविर्भाव ऐसी विषम परिस्थिति में हुआ, जब हिंदू धर्म पर विदेशी षड्यंत्रकारी आक्रमण कर रहे थे। अनेकों पंथों का पाखंड और नास्तिकता का तांडव चल रहा था।

### शास्त्रार्थ से मतान्तर को पराजित किया

मठ, मंदिर ,तीर्थ, धाम ,पूजा, यज्ञ ,पाठ ,भजन, कथा, सत्संग लुप्तप्राय हो चुका था। इस संकट काल में भगवान शिव केरल के काल्टी ग्राम में प्रकट होकर 8 वर्ष की आयु में सन्यास ग्रहण करते हैं। वह देश के कोने-कोने में भ्रमण करते हुए शास्त्रार्थ द्वारा सभी मत- मतान्तरो को पराजित करते हुए राजा सुधन्वा को अपने विचारों से प्रेरित करके धर्म नियंत्रित शासन तंत्र की स्थापना का प्रयास करते हैं। पंचदेव उपासना की आदर्श परंपरा को उन्होंने प्रतिष्ठित किया। साथ ही चारों धाम एवं विभिन्न ज्योतिर्लिंग तथा शक्तिपीठों को पुर्नवासित करते हुए सनातन वैदिक सिद्धांत की स्थापना का दायित्व निभाते हुए, धर्म स्थापना किया।



ज्योतिष

# इस मूलांक के लोगों की होती है लेट शादी, पार्टनर से बना रहता है विवाद !



मूलांक 4 उन लोगों का होता है जिनका जन्म किसी भी महीने की 4, 13, 22 या 31 तारीख को हुआ हो। ऐसे लोग राहु ग्रह से प्रभावित होते हैं। राहु एक छाया ग्रह है और इसका स्वभाव रहस्यमय, तेज बुद्धि वाला और कई बार विपरीत दिशा में चलने वाला होता है। ज्योतिषाचार्य अंशुल त्रिपाठी से जानते हैं मूलांक 4 के लोगों के बारे में इनका स्वभाव, शिक्षा और करियर कैसा होता है। इन्हें जीवन में क्या सावधानियां बरतनी चाहिए।

**राहु की छाया में जन्मा व्यक्तित्व :** हिंदू धर्म में समुद्र मंथन की कथा बहुत महत्वपूर्ण है। इसी घटना में स्वारभानु नामक राक्षस ने छलपूर्वक अमृत पिया था। जैसे ही भगवान विष्णु ने यह देखा, उन्होंने अपने सुदर्शन चक्र से उसका सिर काट दिया। उसका सिर राहु बना और धड़ केतु. लेकिन वह अमृत पान कर चुका था वह अमर हो गया. इसलिए राहु एक ऐसा ग्रह है जो छिपी हुई बातों को जानने, रहस्य सुलझाने और असंभव को संभव करने में सक्षम होता है।

**स्वभाव और दृष्टिकोण में अलग अंदाज़ :** मूलांक 4 वाले लोगों का दृष्टिकोण आम लोगों से भिन्न होता है। ये लोग न केवल गूढ़ विषयों में गहरी रुचि रखते हैं, बल्कि जिस बात को सब नहीं समझ पाते, उसे ये बड़ी आसानी से पकड़ लेते हैं। राहु का असर इन्हें एक रहस्यमयी व्यक्तित्व देता है- जो सामने भले ही शांत रहे, लेकिन अंदर ही अंदर हर स्थिति को गहराई से समझ रहा होता है।

**शिक्षा और करियर में राहु की चाल :** पढ़ाई-लिखाई के दौरान इन्हें बार-बार विषय या स्थान बदलना पड़ सकता है। हालांकि तकनीकी, मीडिया, कैमरा, साइकोलॉजी, कैमिकल, फार्मा, और रिसर्च जैसे क्षेत्र इनके लिए बेहद अनुकूल माने जाते हैं। इनका विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण और अद्वितीय सोच इन्हें सफल बना सकती है, बशर्ते ये अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं।

**रिश्ते और विवाह में उतार-चढ़ाव :** राहु का प्रभाव जीवन में एक बड़ा झटका या दूरी जरूर देता है। राहु का स्वभाव 'कटा हुआ' होता है, इसलिए चार नंबर वाले लोग अक्सर अपने मूल स्थान से दूर जाते हैं- विदेश यात्रा या कार्यस्थल में परिवर्तन आम होता है। प्रेम जीवन में अचानक ब्रेक, शादी में विलंब या टूटना, पार्टनर से अलगाव जैसे घटनाएं देखने को मिलती हैं। लेकिन ,एक बार स्थायित्व आ जाए तो ये अपने परिवार के लिए समर्पित होते हैं।

**इनके स्वास्थ्य पर राहु का क्या असर होता है :** इनके स्वास्थ्य में गुप्त रोग, त्वचा संबंधी समस्या, नींद की कमी, मानसिक बेचैनी और लिवर संबंधी दिक्कतें आम होती हैं। साथ ही राहु की वजह से नशे की ओर आकर्षण भी अधिक होता है, इसलिए इन्हें इससे सख्ती से बचना चाहिए।

# सूर्य-चंद्र के दुर्लभ व्यतिपात योग से प्रभावित होंगी ये राशियां कॅरियर पर पड़ेगा सीधा असर



वैदिक ज्योतिष में सूर्य और चंद्रमा जब एक विशेष दूरी या स्थितियों में आमने-सामने आते हैं, तो व्यतिपात योग बनता है। यह योग शुभ नहीं माना जाता। 5 मई सोमवार को सुबह 10:12 बजे से सूर्य और चंद्रमा के बीच व्यतिपात योग का आरंभ होगा, जिसका प्रभाव कुछ राशियों पर खास तौर पर देखने को मिल सकता है। मान्यता है कि जब यह योग बनता है, तब जीवन में अनचाही घटनाएं, जैसे दुर्घटनाएं, मानसिक तनाव, कार्यों में विघ्न और अचानक आने वाली आर्थिक चुनौतियाँ बढ़ सकती हैं। यह योग व्यक्ति की निर्णय क्षमता को भी प्रभावित करता है, जिससे वह जल्दबाज़ी में गलत फैसले ले सकता है।

**मीन राशि में बनेगा दुर्लभ त्रिग्रही योग :** इस बार का व्यतिपात योग तीन राशियों के लिए खास तौर पर चुनौतीपूर्ण रह सकता है। इन जातकों को चाहिए कि वे इन दिनों में धैर्य और विवेक बनाए रखें, किसी भी नए काम की शुरुआत सोच-समझकर करें, और खासकर सावधानीपूर्वक यात्रा, आर्थिक लेन-देन और रिश्तों से जुड़ी बातों में सतर्क रहें। आइए जानते हैं, वो तीन राशियाँ कौन-सी हैं जिन्हें इस सूर्य-चंद्र व्यतिपात योग के दौरान विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

**वृषभ राशि :** 5 मई से बन रहा सूर्य-चंद्र व्यतिपात योग वृषभ राशि के जातकों के लिए मानसिक अस्थिरता और कार्यक्षेत्र में असमंजस की स्थिति ला सकता है। विशेषकर वे लोग जो नौकरी में हैं, उन्हें अपने अधिकारियों के साथ संबंधों में खटास का सामना करना पड़ सकता है। टीमवर्क में बाधाएं आ सकती हैं, जिससे महत्वपूर्ण कार्यों में देरी संभव है। जो लोग व्यापार से जुड़े हैं, उन्हें पुराने सौदों से नुकसान उठाना पड़ सकता है या पहले से किए गए निवेश से अपेक्षित मुनाफा नहीं मिलेगा। इस समय नया निवेश करने से बचें और किसी भी आर्थिक योजना पर निर्णय लेने से पहले अनुभवी व्यक्ति से सलाह लें। आर्थिक अस्थिरता आत्मविश्वास को प्रभावित कर सकती है, इसलिए मानसिक संतुलन बनाए रखना ज़रूरी होगा।

**कर्क राशि :** कर्क राशि के जातकों को इस व्यतिपात योग के कारण खास सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि इसका सीधा असर इनके पारिवारिक और भावनात्मक जीवन पर पड़ सकता है। घर-परिवार में किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है, जो आपके मन को बेचैन बना सकती है। दफ्तर में मेहनत के बाद भी मान-सम्मान या परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं मिलेंगे, जिससे मन में निराशा घर कर सकती है।

## अगर चाहते हैं यंग नजर आएं तो रोज खाइए ये सब्जी

# दुनिया की सबसे ताकतवर सब्जी रोज खाइए इसे खाएंगे तो पांच साल बढ़ जाएगी उम्र

शरीर को सेहतमंद और फिट बनाने में फलों के साथ साथ सब्जियों का भी अहम रोल है। हेल्थ एक्सपर्ट हमेशा सलाह देते हैं कि डाइट में सब्जियों का पोर्शन जरूर होना चाहिए. खासकर हरी सब्जियां सेहत को कई तरह के फायदे करती हैं। देखा जाए तो ढेर सारी हरी सब्जियां ऐसी हैं जो शरीर को ढेर सारा पोषण देने के साथ साथ उसे कई तरह की बीमारियों से भी दूर रखती हैं। ऐसी ही एक सब्जी है जिसे दुनिया में सबसे ज्यादा ताकतवर सब्जी कहा जाता है। ये शरीर को कई तरह के फायदे करती है और कैंसर और दिल की बीमारियों का रिस्क भी हम हो जाता है। जी हां. बात हो रही है सहजन की सब्जी की। सहजन की फलियां इतनी फायदेमंद हैं कि इनके सेवन से आपकी उम्र पांच साल बढ़ सकती है। सहजन की फली है पोषण का पावरहाउस सहजन की फलियों को मोरिंगा और मुन्गा की फलियां भी कहते हैं। अंग्रेजी में इसे ड्रमस्टिक कहा जाता है। ये फलियां सेहत के लिए बहुत ताकतवर कही जाती हैं। इसकी फलियों से सब्जी और सूप बनाया जाता है।सहजन की फलियों के साथ साथ इसके पत्ते, छाल, बीज और फूल भी सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद होते हैं। सहजन की फलियों में ढेर सारा प्रोटीन होता है, जो शरीर को ढेर सारी ताकत देता है। इसके अलावा सहजन की फलियों में कई तरह के विटामिन पाए जाते हैं।



### वजन घटाने में फायदेमंद

सहजन की फलियां वजन घटाने में काफी मददगार साबित होती हैं।सहजन की फलियों में क्लोरोजेनिक एसिड पाया जाता है जो शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल घटता है। इससे वजन कम करने में काफी मदद मिलती है। सहजन की फलियों और पत्तों का पाउडर बनाकर इसका रोज सेवन करने से वजन कंट्रोल करने में आसानी होती है।

### इम्यूनिटी मजबूत करे

सहजन की फलियों में ढेर सारा विटामिन सी पाया जाता है। इसकी मदद से शरीर का इम्यून सिस्टम मजबूत होता है और बदलते मौसम में शरीर बैक्टीरिया जनित बीमारियों से लड़ने में कामयाब होता है। सर्दी, खांसी, बुखार जैसी बीमारियों से लड़ने में सहजन काफी फायदेमंद होती है। इसके साथ साथ इन फलियों में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट भी इम्यूनिटी बढ़ाते हैं।

### दिल को रखे स्वस्थ

सहजन की फलियों में ढेर सारे एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। इसके साथ साथ इन फलियों की मदद से कोलेस्ट्रॉल का स्तर सुधारा जा सकता है। इससे दिल को स्वस्थ रखा जा सकता है। सहजन की फलियों में ढेर सारे एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं जो शरीर की सूजन को कम करते हैं।

### प्रोटीन की खुराक

जिन लोगों के शरीर में प्रोटीन की कमी होती है, उन्हें सहजन की सब्जी फायदा कर सकती है। खासकर वेजिटेरियन लोगों के लिए ये सब्जी प्रोटीन की खुराक साबित हो सकती है। इसमें ढेर सारा प्रोटीन पाया जाता है और ये प्रोटीन की कमी दूर करने में मदद करती है।

### कैंसर का रिस्क होगा कम

सहजन की सब्जी में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल्स को कंट्रोल करते हैं जिससे कैंसर जैसी बीमारी का रिस्क कम किया जा सकता है।

### शुगर में करे फायदा



सहजन की सब्जी में एंटी डायबिटिक गुण होते हैं, इसके सेवन से शरीर में ब्लड शुगर का स्तर कंट्रोल किया जा सकता है। डायबिटीज के मरीज इस सब्जी को खाकर इसका फायदा उठा सकते हैं। इसके अलावा इसके पत्तों और छाल में भी शुगर को कंट्रोल करने की ताकत होती है।

# रोज रात को सोने से पहले नाभि में लगा लें ये तेल, सुबह उठते ही साफ होने लगेगा पेट

### नाभि में तेल डालने से क्या होता है?



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी, खराब खानपान और तनाव के कारण पेट से जुड़ी समस्याएं आम हो गई हैं। इनमें भी खासकर लोग पेट साफ न होने से परेशान रहते हैं। ये परेशानी समय के साथ कब्ज का कारण बन जाती है। कब्ज होने पर न केवल व्यक्ति को पेट में दर्द, भारीपन या ऐंठन का एहसास परेशान करता है, बल्कि इससे व्यक्ति खुद को चिड़चिड़ा और बीमार भी महसूस करने लगता है। यानी पेट ठीक ढंग से साफ न होने पर इसका असर पूरी सेहत पर नजर आने लगता है। अब, अगर आप भी अक्सर इस तरह की समस्याओं का सामना करते हैं, तो ये आर्टिकल आपके लिए मददगार हो सकता है। यहां हम आपको एक बेहद आसान, नेचुरल और कारगर उपाय बता रहे हैं, जो पेट से जुड़ी इन दिक्कतों को ठीक करने में असर दिखा सकता है। जानिए कौनसे हैं ये नुस्खे।

### क्या है ये खास उपाय?

फेमस आयुर्वेदिक न्यूट्रिशनिस्ट श्वेता शाह ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में पोषण विशेषज्ञ बताती हैं, हर रात सोने से पहले नाभि में एक खास तेल लगाने से पेट से जुड़ी समस्याओं को ठीक किया जा सकता है। नाभि पर सही तेल लगाने से ना सिर्फ पाचन तंत्र मजबूत होता है, बल्कि पेट साफ करने में भी मदद मिलती है। इसके अलावा ये तरीका और भी कई तरह से आपकी सेहत को फायदा पहुंचा सकता है। आइए जानते हैं इस बारे में विस्तार से।

### नाभि में तेल डालने से क्या होता है?

न्यूट्रिशनिस्ट के मुताबिक, नाभि शरीर का केंद्र बिंदु है, जहां से सैकड़ों नसें शरीर के अलग-अलग अंगों तक जाती हैं। इसलिए नाभि में तेल लगाने का असर पूरे शरीर पर पड़ता है। आयुर्वेद में ये तरीका सदियों से आजमाया जा रहा है। खासकर पेट से जुड़ी समस्याओं को ठीक करने के लिए न्यूट्रिशनिस्ट रोज रात को सोने से पहले नाभि में 2 से 3 बूंद कैस्टर ऑयल डालने की सलाह देती हैं। इसे अरंडी का तेल भी कहा जाता है। न्यूट्रिशनिस्ट के मुताबिक, अगर आप पेट की दिक्कतों से परेशान हैं और कोई इन्हें ठीक करने के लिए बिना किसी साइड इफेक्ट के कोई उपाय ढूंढ रहे हैं, तो इस आयुर्वेदिक तकनीक को एक बार जरूर आजमाएं. अरंडी के तेल की कुछ बूंदें नाभि पर लगाने से पेट को आराम मिलता है और पाचन तंत्र मजबूत बनता है।

इससे आपको अगली सुबह मल त्यागने में आसानी होती है। इस तरह आपको पेट फूलने और कब्ज जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। अपनी सोशल मीडियो पोस्ट में न्यूट्रिशनिस्ट ने नाभि में कैस्टर ऑयल डालने के और भी कई फायदे बताए हैं। श्वेता शाह बताती हैं- रात को सोने से पहले नाभि में कैस्टर ऑयल लगाने से स्किन हाइड्रेटेड रहती है, जिससे त्वचा को साफ और ग्लोइंग बनाने में मदद मिल सकती है।

# कार में रखी प्लास्टिक की बोतल का पानी भूलकर भी न पिएं



अगर आप कार में सफर करते हैं तो गाड़ी में रखी प्लास्टिक की बोतल से पानी जरूर पीते होंगे। पर अब से ऐसा कतई मत कीजिए, वरना ऐसी बीमारी हो सकती है जिसका नाम सुनकर ही आपके होश उड़ जाएंगे। जी हां, एक्सपर्ट का कहना है कि अगर गाड़ी में प्लास्टिक की बोतल में पानी रखा हुआ है और उसे पीते ही तो उस पानी में पलास्टिक से कई तरह के जहरीले रसायन घुल जाते हैं, जिससे कई तरह की बीमारियां हो सकता है। यहां तक कि कैंसर तक की बीमारी भी हो सकती है।

### ज्यादा धूप में पानी में घुलता जहर

डॉ. मंजुषा अग्रवाल ने बताया कि अक्सर लोग तेज धूप में प्लास्टिक की पानी की बोतलों को कार के अंदर छोड़ देते हैं। उसके बाद गाड़ी को लॉक कर देते हैं। लेकिन उस दौरान कार के अंदर बहुत ज्यादा हीट हो जाती है जिससे प्लास्टिक की बोतलें बंद वाहनों के भीतर उच्च तापमान के संपर्क में आती हैं। इससे प्लास्टिक की बोतल से बिसफेनॉल-ए और एंटिमनी जैसे जहरीले रसायन पानी में घुल जाते हैं। अगर आप ऐसा लंबे समय तक करते हैं तो ये केमिकल आपके शरीर को जकड़ लेगा और हार्मोन में असंतुलन पैदा करने लगेगा। इससे कई बीमारियां होंगी।

डॉ. रितुजा उगलमुगले ने बताया कि अधिकांश प्लास्टिक की बोतलों में पॉलीएथिलीन टेरेफ्थेलेट होता है, जो जब गर्मी के संपर्क में आता है तो एंटिमनी और बिसफेनॉल-ए (BPA) जैसे खतरनाक रसायनों को पानी में घुला देता है। यही जब शरीर के अंदर जाता है।



# शौच करने से पहले पानी पीने से क्या होता है? इसके फायदे हैं या नुकसान

पानी हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा है। प्यास बुझाने से अलग पानी बॉडी के कई जरूरी फंक्शन में अहम योगदान करता है। खासकर अच्छे पाचन के लिए पानी बहुत जरूरी है। ये हमारे डाइजेस्टिव सिस्टम को ठीक रखने में मदद करता है। बहुत से लोग सुबह उठते ही एक गिलास पानी पीते हैं और फिर शौच जाते हैं। लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है कि शौच से पहले पानी पीने से आपके शरीर में क्या होता है? क्या यह डाइजेशन के लिए फायदेमंद है या नुकसानदायक?

### डाइजेस्टिव सिस्टम पर पानी का असर

हमारा डाइजेस्टिव सिस्टम पानी पर निर्भर करता है। ये खाने को तोड़ने, न्यूट्रिएंट्स को अब्जॉर्ब करने और मल को नरम बनाने में मदद करता है। अगर आप शौच से पहले पानी पीते हैं, तो ये कई तरीकों से फायदेमंद हो सकता है।

1. मल को नरम बनाता है और कब्ज से राहत देता हैः अगर शरीर में पानी की कमी हो, तो आंतें मल से ज्यादा पानी सोख लेती हैं, जिससे मल सख्त हो जाता है और शौच करने में परेशानी होती है। सुबह पानी पीने से आंतें हाइड्रेट रहती हैं, जिससे मल नरम होता है और आसानी से बाहर निकलता है।

2. आंतों को एक्टिव करता हैः गर्म पानी पीने से आंतों में हलचल तेज होती है। ये डाइजेस्टिव सिस्टम को इंडिकेट करता है कि उसे काम शुरू करना है। ये खासतौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो कब्ज या इरेगुलर शौच की समस्या से जूझ रहे हैं।

3. शरीर से टॉक्सिन बाहर निकालता हैः रात भर शरीर में टॉक्सिन जमा हो जाते हैं, जिन्हें बाहर निकालने के लिए पानी बहुत जरूरी है। सुबह उठकर पानी पीने से शरीर को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है, जिससे आप हल्का और तरोताजा महसूस करते हैं।

4. मेटाबॉलिज्म को तेज करता हैः पानी पीने से शरीर की मेटाबॉलिज्म रेट बढ़ जाती है। ये डाइजेशन में सुधार करता है और वजन घटाने में भी मदद कर सकता है।

5. अपच और एसिडिटी से बचाता हैः अगर आपको अक्सर पेट फूलने या एसिडिटी की समस्या रहती है, तो शौच से पहले पानी पीना फायदेमंद हो सकता है। ये पेट में एसिड को कंट्रोल में रखता है और डाइजेशन को बेहतर बनाता है।

### शौच से पहले पानी पीने का सही तरीका

अगर आप इस आदत का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं, तो इन बातों का ध्यान रखें।

गुनगुना पानी पिएंः गुनगुना या हल्का गर्म पानी आंतों को ज्यादा अच्छी तरह एक्टिव करता है और डाइजेशन में मदद करता है।

नींबू या शहद मिलाएंः एक गिलास गुनगुने पानी में नींबू या शहद मिलाने से डिटॉक्सिफिकेशन तेज होता है।

बहुत ज्यादा पानी न पिएंः जरूरत से ज्यादा पानी पीने से पेट भारी लग सकता है। एक या दो गिलास पानी पर्याप्त होता है।

रेगुलर पानी पिएंः अगर इसे रोजाना की आदत बना ली जाए तो ये आपकी डाइजेशन के काम को रेगुलर कर सकता है।

### क्या कोई नुकसान भी है?

हालांकि, शौच से पहले पानी पीना ज्यादातर लोगों के लिए फायदेमंद होता है, लेकिन कुछ लोगों को इससे हल्की परेशानी हो सकती है।

बार-बार पेशाब जाने की जरूरतः पानी पीने से शरीर की सफाई तेज होती है, जिससे आपको जल्दी-जल्दी पेशाब आ सकता है।

पेट फूलनाः अगर आप बहुत जल्दी या बहुत ज्यादा पानी पी लेते हैं, तो पेट फूल सकता है। खासतौर पर जिन लोगों को इर्रिटेबल बाउल सिंड्रोम जैसी समस्याएं हैं, उन्हें धीरे-धीरे पानी पीना चाहिए। सिर्फ पानी से कब्ज ठीक नहीं होगाः अगर आपको लंबे समय से कब्ज की समस्या है, तो सिर्फ पानी पीना काफी नहीं होगा।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एमी अवॉर्ड के लिए नामांकित हुआ '60 मिनट्स'



अमेरिकी टीवी शो '60 मिनट्स' का एक साक्षात्कार इन दिनों फिर सुर्खियों में है। इस साक्षात्कार ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का गुस्सा भड़काया दिया था। अब इसी शो को प्रतिष्ठित एमी अवॉर्ड के लिए भी नामांकित किया गया है। यह साक्षात्कार कमला हैरिस का था, जिसके खिलाफ ट्रंप ने सीबीएस नेटवर्क पर 20 अरब डॉलर का मुकदमा ठोका है। पिछले साल '60 मिनट्स' पर कमला हैरिस का साक्षात्कार प्रसारित हुआ था। ट्रंप का दावा है कि इस साक्षात्कार को गलत तरीके से संपादित किया गया ताकि उनकी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस को बेहतर दिखाया जा सके। इस साक्षात्कार को अब 'आउटस्टैंडिंग एडिटेड इंटरव्यू' श्रेणी में एमी अवॉर्ड के लिए नामांकित किया गया है। यह पुरस्कार समारोह जून के अंत में होगा, जहां '60 मिनट्स' का मुकाबला सेलीन डायोन, सुप्रीम कोर्ट जज केतनजी ब्राउन जैक्सन, पोप फ्रांसिस और बास्केटबॉल स्टार ब्रिटनी ग्रिनर के साक्षात्कारों से होगा। इस साक्षात्कार ने सीबीएस न्यूज को मुश्किल में डाल दिया है। सीबीएस का कहना है कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया, लेकिन उनकी मूल कंपनी पैरामाउंट ग्लोबल कथित तौर पर ट्रंप के साथ समझौते की बातचीत कर रही है। कई सीबीएस पत्रकार इस समझौते के खिलाफ हैं। इस विवाद के बीच '60 मिनट्स' के पूर्व कार्यकारी निर्माता बिल ओवेन्स ने पिछले महीने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने इस्तीफे में कहा कि इस साक्षात्कार के बाद उन पर कॉरपोरेट पाबंदियां लगाई गईं। यह मामला अब ट्रंप प्रशासन के एफसीसी चेयरमैन की जांच के दायरे में भी है। ट्रंप ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर इस साक्षात्कार को लेकर फिर से नाराजगी जताई। इस बार उनका गुस्सा न्यूयॉर्क टाइम्स पर भी निकला। दरअसल, मंगलवार को न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक लेख में कहा था कि कानूनी विशेषज्ञ ट्रंप के मुकदमे को बेबुनियाद मानते हैं और यह सीबीएस के लिए आसान जीत होगी। ट्रंप ने इसे 'ट्रंप डिरेंजमेंट सिंड्रोम' करार दिया और अखबार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी। जवाब में न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा, 'हम प्रशासन की धमकियों से डरने वाले नहीं हैं।'

### टॉलीवुड

## दो सुपरस्टार को एक साथ फिल्म में देखना चाहते हैं विजय



अभिनेता विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'किंगडम' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म की चर्चा के बीच विजय वेव्स समिट 2025 में नजर आए। इस दौरान विजय ने बॉलीवुड और टॉलीवुड के दो सुपरस्टार्स को एक साथ फिल्म में देखने की बात कही, जिसके पीछे की वजह है उनका धमाकेदार बॉक्स ऑफिस कल्केशन। मुंबई में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट के दूसरे दिन विजय देवरकोंडा भी शामिल हुए। इस दौरान विजय ने कहा वह चाहते हैं कि शाहरुख खान और अल्लू अर्जुन भविष्य में किसी फिल्म में एक साथ काम करें। उन्होंने बताया कि शाहरुख की फिल्म ने करीब 800-1000 करोड़ रुपये और अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' ने 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाए। विजय ने यह भी कहा कि अगर दक्षिण और उत्तर भारत के ये बड़े सितारे साथ आएं, तो देश को एकजुट करने में मदद मिलेगी। उनका मानना है कि भारतीय सिनेमा को और आगे ले जाने के लिए ऐसे सहयोग बहुत जरूरी हैं। इससे न सिर्फ ध्यान आकर्षित होगा, बल्कि विकास भी होगा।

### भोजपुरी

## 'क्यूंकि... हर एक सास जरूरी होती है' का ट्रेलर खूब धमाल मचा रहा




भोजपुरी सिनेमा की नई फिल्म 'क्यूंकि... हर एक सास जरूरी होती है' का ट्रेलर खूब धमाल मचा रहा हैं। फीलमची भोजपुरी चैनल ने पांच साल पूरे होने पर पांच साल महा धमाल सेलिब्रेशन के तहत तीसरी ओरिजिनल फिल्म 'क्यूंकि...हर एक सास जरूरी होती है' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 26 अप्रैल को फीलमची भोजपुरी पर होगा. इस फिल्म की खासियत इसकी हास्य से भरपूर, दिल को छू लेने वाली और अनोखी कहानी है, जिसमें पारिवारिक रिश्तों को मजेदार और भावनात्मक ढंग से दर्शाया गया हैं। इससे पहले फीलमची की दो ओरिजिनल हिट फिल्मों, सास कमाल, बहू धमाल और बड़की भाभी ने भोजपुरी दर्शकों के बीच ज़बरदस्त लोकप्रियता हासिल की हैं। 'क्यूंकि... हर एक सास जरूरी होती है की कहानी मौसम नाम की पढ़ी-लिखी और समझदार बहू के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी सास धनेश्वरी चालाक और असुरक्षित प्रवृत्ति की हैं। मौसम अक्सर अपनी दादी सास की तस्वीर से मन की बातें करती है, लेकिन एक दिन दादी सास की आत्मा प्रकट होकर मौसम के शरीर में प्रवेश कर जाती हैं। उनका सास धर्म अधूरा रह गया था, जिसे अब वे पूरा करना चाहती हैं—अपनी बहू के जरिए. इस तरह फिल्म में जमकर कॉमेडी के साथ मैसेज भी हैं। फिल्म में प्रमुख भूमिकाएं निभा रही हैं अपर्णा मलिक और लाडो मधेसिया, जिनके अभिनय ने किरदारों को जीवंत बना दिया हैं।

### लाइफ स्टाइल



## घुंघरू ड्रेस पहनकर धूम मचाई

सोनम कपूर जब से इंडस्ट्री में आई हैं, उन्हें 'फैशन डीवा'की तरह ही देखा जाता है और एक्ट्रेस ने भी अपने इस अवतार को बखूबी निभाया हैं। सोनम ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट में एक बार फिर अपने फैशन का ए गेम दिखाया हैं। 39 साल की सोनम के नए यंग इंडिया मैगजीन कवर शूट ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी हैं। इस लेटेस्ट फोटोशूट में अलग-अलग अवतारों में नजर आने वाली सोनम एक लुक में बैकलेस और डीप नेकलाइन वाली ड्रेस में नजर आ रही हैं।

## गर्मियों में सिलवा लें कॉटन की ये 7 शॉर्ट कुर्तियां जींस के साथ पहनकर मिलेगा स्टाइलिश लुक

गर्मियों में पहनने के लिए कॉटन की शॉर्ट कुर्तियां बेस्ट रहती हैं। ऑफिस और कॉलेज गोइंग गर्ल्स भी ज्यादातर समर्स में इन्हें ही वियर करती हैं। शॉर्ट कुर्तियों को आप जींस या प्लाजो पैंट्स के साथ पेयर कर सकती हैं। इनका कंफी अंदाज समर्स के लिए परफेक्ट रहता है। आप भी अपने वॉर्डरोब में कॉटन की कुर्तियां शामिल करने का प्लान बना रही हैं, तो यह देखें कुछ ट्रेंडी डिजाइन। अपने टेलर से आप इन्हें स्टिच करा सकती हैं और अपने समर्स लुक में चार चांद लगा सकती हैं।



### ढीली स्लीव्स वाली कॉटन कुर्ती

आजकल ढीली स्लीव्स का एक ट्रेंड सा बन गया है। ये देखने में काफी ज्यादा स्टाइलिश लगती हैं और कंफर्टेबल भी होती हैं। ऐसे में आप भी इस समर सीजन अपने वॉर्डरोब में ये स्टाइलिश अंदाज वाली शॉर्ट कुर्ती एड कर सकती हैं।

### स्लीवलेस कॉटन कुर्ती

गर्मियों के लिए ज्यादातर गर्ल्स स्लीवलेस कपड़े पहनना प्रिफर करती हैं। ये गर्मियों की मार से भी बचा लेते हैं और देखने में भी स्टाइलिश लगते हैं। ऐसे में आप भी इस तरह की एक स्लीवलेस कॉटन कुर्ती अपने कलेक्शन में शामिल कर सकती हैं।

### प्रिंटेड कॉटन कुर्ती सेट

अगर आपको अपने लुक के साथ ज्यादा एक्सपेरिमेंट नहीं करना है तो ये सिंपल बेसिक पैटर्न वाली कॉटन कुर्ती स्टिच करा सकती हैं। इस तरह के फ्लोरल प्रिंट्स समर्स के लिए परफेक्ट रहते हैं। आप मैचिंग दुपट्टा और बॉटम के साथ लुक को कंप्लीट कर सकती है।

## बालों से आती पसीने की बदबू कर रही है शर्मिंदा तो ये तरीके देंगे खूबसूरत और महकते बाल



गर्मी में पसीना एक आम समस्या होता है जो न सिर्फ शर्मिंदगी का कारण बनता है बल्कि नुकसान भी पहुंचाता है। खासकर जब यह बालों को भिगा देता है इससे बदबू आने लगती है तो दूसरों के सामने हमारा कॉन्फिडेंस कम कर देता है। ऐसे में आप कुछ घरेलू उपायों की मदद से इस बदबू से छुटकारा पा सकते हैं। गर्मी के मौसम कई तरह की समस्याएं लोगों के लिए परेशानी की वजह बनी रहती हैं। पसीना इन्हीं में से एक है, जो इस मौसम में सबसे ज्यादा परेशान करता है। धूप में थोड़ी देर रहने पर ही पूरा शरीर पसीने से तर-बतर हो जाता है। इससे न सिर्फ कपड़े और लुक खराब होता है, बल्कि बालों भी भीग जाते हैं।

इतना ही नहीं मुश्किल तब होती है, जब इस पसीने की वजह से बालों से बदबू आने लगती है। यह न सिर्फ अपने आप में खराब लगता है, बल्कि दूसरों के सामने हमें शर्मिंदा भी करता है। साथ ही यह बालों से जुड़ी समस्याओं का कारण भी बन सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कुछ ऐसे घरेलू उपायों के बारे में, जो बालों से आने वाली इस पसीने की बदबू को दूर करने में मदद कर सकते हैं।

**गुलाब जल:** गुलाब जल अपनी खुशबू के साथ-साथ अपने गुणों के लिए भी जाना जाता है। स्किन के लिए तो यह शानदार है ही, बालों की बदबू दूर करने में भी असरदार है। साथ ही यह पसीने की वजह से होने वाली चिपचिप को भी दूर करता है। इसके लिए आपको बस एक कप पानी में दो चम्मच गुलाब जल मिलाना होगा। इसके बाद बालों को शैंपू करने के बाद इस पानी से बाल धो लें। इससे बालों की बदबू भी दूर होगी और ऑयली बालों से भी छुटकारा मिलेगा।

**एलोवेरा:** गुणों का भंडार एलोवेरा भी बालों से आने वाली दुर्गंध को दूर करने में मदद करता है। अगर आप उन लोगों में से हैं, जिन्हें अक्सर गर्मियों में बालों ज्यादा पसीना आता है, तो ताजा एलोवेरा जेल लगा लें। बालों और स्कैल्प पर अच्छी तरह इसे लगाने के बाद 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर माइल्ड शैंपू से हेयरवॉश कर लें। बालों की बदबू दूर करने के लिए हफ्ते में दो बार इसका इस्तेमाल करें। इससे आपके बाल सॉफ्ट और शाइनी भी बनेंगे।

**नींबू:** विटामिन-सी से भरपूर नींबू सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। हालांकि, यह आपके बालों के लिए भी काफी लाभकारी है। बालों की बदबू दूर करने के लिए आप नींबू का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक कप पानी में एक नींबू का रस मिलाएं। अब शैंपू से बाल धोने के बाद इस पानी से बालों को धो लें। हफ्ते में 2 से 3 बार ऐसा करने से पसीने की बदबू दूर होगी और बाल चमकदार भी बनेंगे।

## स्टाइलिश दिखने के लिए इन युवा अभिनेताओं के लुक्स से लें टिप्स, ताकि दिखें सबसे क्लासी

लड़कियां तो खूबसूरत दिखने के लिए ट्रेंड फॉलो कर लेती हैं, लेकिन ज्यादातर लड़कों को ये समझ नहीं आता कि स्टाइलिश दिखने के लिए उन्हें क्या करना है? इसके लिए वो कुछ भी कैरी कर लेते हैं। लड़कों की इसी परेशानी को देखते हुए इस लेख में हम आपको चार ऐसे यंग एक्टर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके लुक्स युवाओं के लिए तो सबसे परफेक्ट हैं। इन अभिनेताओं ने कुछ-कुछ दिन पहले ही बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया है। इनके लुक्स ज्यादातर जेन जी लड़कों को पसंद आते हैं। तो यदि आपके घर में भी कोई जेन जी टीनेज है, तो उनके लिए इन एक्टर्स से टिप्स लेकर खरीदारी करें।

### वेदांग रैना

कुछ दिन पहले ही फिल्मों में डेब्यू करके धमाल मचाने वाले वेदांग रैना का अंदाज जेन जी किड्स के लिए परफेक्ट है। वो अक्सर बैगी कपड़ों में नजर आते हैं, जोकि आज-कल युवाओं को काफी पसंद आ रहे हैं। ओवर साइज कपड़े आज के समय में काफी ट्रेंड में है। बैगी कपड़ों के साथ-साथ वेदांग एथनिक



आउटफिट में भी कमाल के लगते हैं। उनका अंदाज लोगों को काफी पसंद आता है।

### बाबिल खान

अपनी एक्टिंग से लोगों के दिलों में बेहद कम समय में अलग पहचान बनाने वाले बाबिल का अंदाज बाकियों से काफी अलग रहता है। वो फॉर्मल लुक को काफी अलग अंदाज में कैरी करते हैं। यदि आपको कुछ अलग हट कर पहनने का शौक है तो बाबिल के लुक्स से टिप्स लें। उनके पास प्रिंटेड आउटफिट्स का शानदार कलेक्शन रहता है।

## 14 दिनों तक चेहरे पर लगा लें ये तेल, जवां दिखने लगेंगे आप

यंग और खूबसूरत दिखना हर किसी की चाहत होती है। इसके लिए लोग खूब जतन करते हैं। खासकर महिलाएं चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए हर हफ्ते पार्लर जाकर महंगे-महंगे ब्यूटी ट्रीटमेंट लेती हैं। हालांकि, आप चाहें तो कुछ नेचुरल तरीके अपनाकर भी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग रख सकते हैं, साथ ही चेहरे पर नजर आने वाले एजिंग के लक्षणों को कम कर सकते हैं। यहां हम आपको एंटी-एजिंग का एक ऐसा ही तरीका बता रहे हैं।

### क्या है ये खास तरीका?

इसे लेकर मशहूर अमेरिकी डॉ. एरिक बर्ग ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में डॉक्टर बताते हैं, अगर आप नेचुरल तरीके से एंटी-एजिंग इफेक्ट चाहते हैं तो इसके लिए चेहरे पर कैस्टर ऑयल (Castor Oil) लगा सकते हैं। कैस्टर ऑयल को अरंडी का तेल कहा जाता है।

### कैसे पहुंचाता है फायदा?



डॉ. बर्ग के मुताबिक, कैस्टर ऑयल को आंखों के आसपास लगाने से त्वचा को हाइड्रेशन मिलता है और इससे डार्क सर्कल्स कम हो सकते हैं।

इस तेल में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं, जो बैक्टीरिया का सफाया कर स्किन पर एक्ने और पिंपल की परेशानी को ठीक करने में मदद करते हैं। कैस्टर ऑयल में रेटिनोइक एसिड होता है, जो कोलेजन और इलास्टिन बढ़ाता है। इससे त्वचा टाइट और जवान दिखती है।

### कार्नर न्यूज

### ऑफिस में भी बार-बार पलट कर देखेंगे सहकर्मी

## मेल हो या फीमेल, गर्मी में ये पांच कलर कॉम्बिनेशन आपको बनाएंगे कूल

गर्मी का सीजन आते ही बस एक ही बात दिमाग में आती है- खुद को कैसे कूल रखा जाए. जब बात स्टाइल की हो, तो गर्मी में भी हर कोई चाहता है कि ड्रेसिंग सेंस न सिर्फ कंफर्टेबल हो, बल्कि सबको इंप्रेस भी करे। गर्मी में खुद को कूल और फ्रेश दिखाना कोई मुश्किल काम नहीं है। सही कलर कॉम्बिनेशन से आप न सिर्फ आरामदायक महसूस करेंगे, बल्कि ऑफिस में भी हर कोई आपको बार-बार पलटकर देखेगा. तो चलिए, जानते हैं 5 ऐसे ही बेहतरीन कलर कॉम्बिनेशन्स के बारे में, जो इस गर्मी में आपको देंगे कूल और स्टाइलिश लुक और आपके कलीग्स को देंगे फैशनेबल इंस्पिरेशन...

### व्हाइट और ब्लू

गर्मियों का सबसे अच्छा और फ्रेश लुक पाना है तो व्हाइट और ब्लू का कॉम्बिनेशन अपनाएं. व्हाइट शर्ट और ब्लू जींस या ब्लू शर्ट और व्हाइट पैंट, दोनों ही लुक्स ऑफिस के लिए बिल्कुल परफेक्ट हैं। यह कॉम्बिनेशन न



सिर्फ गर्मी में आरामदायक है, बल्कि यह आपको कूल और फ्रेश भी बनाए रखता है। व्हाइट और ब्लू का कॉम्बिनेशन क्लासी और प्रोफेशनल तो लगता ही है, आपकी पर्सनालिटी को भी खूबसूरती से निखारता है।

### पेस्टल येलो और ग्रीन

गर्मी में हर किसी को थोड़ा सा खुशमिजाज और फ्रेश लुक चाहिए होता है। पेस्टल येलो और ग्रीन का कलर कॉम्बिनेशन आपको एक नई एनर्जी और ताजगी का अहसास दिलाता है। पेस्टल येलो शर्ट के साथ ग्रीन पैंट या फिर ग्रीन टॉप के साथ पेस्टल येलो स्कर्ट या ट्राउजर, ये दोनों ही कॉम्बिनेशन शानदार होते हैं। यह न केवल आंखों को सुकून देते हैं, बल्कि ऑफिस में भी एक पॉजिटिव वाइब क्रिएट करते हैं।

### लाइट पिंक और व्हाइट

अगर आप ऑफिस में कुछ सॉफ्ट और एलिगेंट लुक चाहते हैं, तो लाइट पिंक और व्हाइट एक बेहतरीन चॉइस हो सकती है। लाइट पिंक शर्ट या टॉप के साथ व्हाइट पैंट या स्कर्ट, यह कॉम्बिनेशन एक बहुत ही खूबसूरत और ग्रेसफुल लुक देता है। यह रंग आपको न सिर्फ कूल और रिफ्रेशिंग बनाते हैं, बल्कि ऑफिस में एक अट्रैक्टिव इमेज भी छोड़ते हैं।

### नेवी ब्लू और ग्रे

नेवी ब्लू और ग्रे का कॉम्बिनेशन प्रोफेशनल और स्टाइलिश दोनों होता है। नेवी ब्लू टॉप के साथ ग्रे ट्राउजर या ग्रे ब्लेजर के साथ नवी ब्लू शर्ट, यह एक आइडियल कॉम्बिनेशन है। इस कलर कॉम्बिनेशन में आपको एक कूल और कंफर्टेबल लुक मिलता है।